चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 109, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 18 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को मंजूरी दे दी है। इस पर 17 हजार करोड़ रुपये का बजटीय परिव्यय होगा। कार्यक्रम की अवधि 6 वर्ष है। इससे 2,430 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्ति की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई स्कीम 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। इसमें लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी, सर्वर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर डिवाइस शामिल हैं। मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि पीएलआई योजना इलेक्ट्रोनिक उपकरणों, मोबाइल और टेलीकॉम उपकरणों के उत्पादन के क्षेत्र में सफल रही है। इससे इन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ा है और भारत इनका बढ़ा निर्यातक बना है। उन्होंने कहा कि अब सरकार आईटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए भी योजना लेकर आई है। इससे इस क्षेत्र का उत्पादन 3.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ेगा। क्षेत्र को 2,430 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा और प्रत्यक्ष तौर पर 75 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं अप्रत्यक्ष तौर पर 2 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा होंगे। सरकार के अनुसार भारत सभी वैश्विक बड़ी कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभर रहा है। बड़ी आईटी हार्डवेयर कंपनियों ने भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में दिलचस्पी दिखाई है। यह देश के भीतर अच्छी मांग वाले मजबूत आईटी सेवा उद्योग द्वारा समर्थित है।



### 1.08 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी

**नई दिल्ली,।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन में यूरिया के लिए 70 हजार करोड़ रुपये और डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए 38 हजार करोड़ रुपये सहित कुल 1.08 लाख करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों में संशोधन के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि दुनिया भर में उर्वरकों के दाम बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसानों को नुकसान से बचाने के लिए सरकार सब्सिडी दे रही है।

## देवरिया के विकास में नहीं होगी कमी: सीएम

**देवरिया।** निकाय चुनाव में देवरिया विधानसभा क्षेत्र के तीनों सीट देवरिया नगर पालिका, बैतालपुर, गौरीबाजार में ऐतिहासिक जीत मिलने के बाद सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर संपूर्ण देवरिया की तरफ से नगर निकाय चुनावों में मिली ऐतिहासिक सफलता की उन्हें बधाई दी। साथ ही देवरिया विधानसभा में निकाय चुनावों की सभी सीटों पर मिली विजय के लिए उनका आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान सदर विधायक ने देवरिया के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर भी मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने शलभ को आश्वस्त किया कि देवरिया उनके दिल में बसता है। इसके विकास के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। विकास कार्य में जो भी आवश्यकता होगी, उसे सरकार पूरा करेंगे।



## प्रदेश में बहनें स्वयं व परिवार की तकदीर बदल रही: शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक समय था जब मध्य प्रदेश में बेटियों को बोझ माना जाता था, आज वे वरदान बन गई हैं। प्रदेश की बहनें अब स्वयं एवं परिवार की तकदीर और प्रदेश की तस्वीर बदल रही हैं। लाडली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री कन्या-विवाह-निकाह, स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण, पुलिस और शिक्षकों की भर्ती में महिला आरक्षण, आजीविका मिशन, स्टाम्प शुल्क में बहनों के लिये छूट और अब लाडली बहना जैसी योजनाओं से यह संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री चौहान बुधवार को निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में लाडली बहना सम्मेलन-सह-मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 95 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमि-पूजन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना, लाडली लक्ष्मी योजना और लाडली बहना योजना के प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहना योजना बहनों की जिंदगी बदलने की योजना है। योजना में आगामी 10 जून से हर माह की 10 तारीख को बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपये की राशि आयेगी। आजीविका मिशन में महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर बहन को माह में कम से कम 10 हजार रुपये की आमदनी हो। हर गाँव में लाडली बहना सेना बनाई जा रही है, जो महिला कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ायेगी। अपनी किस्मत अपने हाथ से बनाएंगी। छोटे गाँव में 11 और बड़े गाँव में 21 सदस्यों की लाडली बहना सेना बनेगी।



**हर हाथ को उसकी योग्यता अनुसार मिलेगा काम:** उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब कोई युवा बेरोजगार नहीं रहेगा। हर हाथ को उसकी योग्यता के अनुसार काम मिलेगा। प्रदेश में आज से युवाओं के लिये मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना शुरू की जा रही है। मंत्रि-परिषद ने आज योजना को स्वीकृति दी है। योजना में 12वीं पास एवं उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को उनकी योग्यता के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिये जाने के साथ 8 से 10 हजार रुपये महीने मानदेय प्रदान किया जायेगा। इसके बाद उन्हें स्थाई रोजगार मिलेगा। योजना में 700 कार्य चिन्हित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को पढ़ने और बढ़ने के लिये समान अवसर मिल सकें, इसके लिये प्रदेश में न केवल उनकी शिक्षा अपितु उच्च शिक्षा की भी व्यवस्था सरकार कर रही है। प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिन्दी में शुरू की गई है।

## '2024 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थवयवस्था'




**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। मजबूत घरेलू मांग की बदौलत भारतीय अर्थव्यवस्था के कैलेंडर वर्ष 2024 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र ने जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊंची ब्याज दरों तथा कमजोर बाहरी मांग की वजह से देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा। संयुक्त राष्ट्र की 2023 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाएं शीर्षक वाली ये रिपोर्ट मंगलवार को यहां जारी की गई। रिपोर्ट के मुताबिक भारत दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो (कैलेंडर वर्ष) 2023 में 5.8 फीसदी और 2024 में 6.7 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगी। हालांकि, ऊंची ब्याज दरों और कमजोर बाहरी मांग से 2023 में देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू मांग से समर्थन मिलेगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में भारत में महंगाई की दर घटकर 5.5 फीसदी पर आ जाएगी। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर जिंस की कीमतों में कमी तथा मुद्रा के मूल्य में गिरावट की रफ्तार धीमी होने से ह्यआयातितह्व मुद्रास्फीति कम होगी। ये रिपोर्ट इस साल जनवरी में जारी विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं-2023 रिपोर्ट के अनुमानों के अनुरूप है। इसके अलावा रिपोर्ट में वैश्विक अर्थव्यवस्था अब 2023 में 2.3 फीसदी और 2024 में 2.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है।

## गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या का स्थायी निदान करें: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली जल बोर्ड को गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या का स्थायी निदान करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में गंदे पानी की समस्या पूरी तरह से खत्म करना है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने साफ पानी की सप्लाई के लिये डीजेबी को एक प्लान बनाकर देने का निर्देश दिया गया है। जिन इलाकों से गंदे पानी की शिकायत आ रही है, उनको चिन्हित कर इसके कारणों का पता लगाने ।

## एनआईए व पंजाब पुलिस ने 58 जगह की छापेमारी

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के साथ संयुक्त ऑपरेशन के तहत पंजाब पुलिस ने बुधवार को राज्यभर में एक ही समय पर गैंगस्टरों और समाज विरोधी तत्वों के ठिकानों पर सर्च अभियान चलाया। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि इस ऑपरेशन को सभी 28 पुलिस जिलों में अंजाम दिया गया था। इस अभियान में एनआईए ने पंजाब पुलिस के सहयोग से गैंगस्टरों के 58 ठिकानों पर छापेमारी की, जबकि पंजाब पुलिस ने गैंगस्टरों और समाज विरोधी तत्वों के 143 ठिकानों पर तलाशी। इस दौरान पंजाब पुलिस की 12 सौ से अधिक 125 पार्टियों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

डीजीपी ने बताया कि सीपीज/एसएसपीज को निर्देश दिए गए थे कि वह निजी तौर पर इन छापेमारियों की निगरानी करें और अपेक्षित संख्या में पुलिस टीमों की संख्या तैयार की जाये, जिससे एक ही समय अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की जा सके। उन्होंने कहा कि हाल ही में गिरफ्तार किये गए गैंगस्टरों और अपराधियों की पूछताछ के बाद छापेमारी की योजना बनाई गई थी। विशेष डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीमों ने सभी घरों और अन्य परिसरों में सघन तलाशी ली गई और मोबाइल फोनों के साथ इलैक्ट्रानिक उपकरणों से डाटा भी एकत्रित किया गया है, जिसको फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस टीमों को अपराधियों, गैंगस्टरों की स्थिति का जायजा लेने के लिए भी कहा गया है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या वे जेल में हैं, जमानत पर हैं, बरी हो गया है या भगौड़ा हैं। इस दौरान पूछताछ के लिए कई व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है और उनके कब्जे में से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों से तरफ से हथियार लाइसेंसों की भी जांच की गई। इसके अलावा आगे जांच के लिए विदेश आधारित पारिवारिक सदस्यों की यात्रा के विवरण, विदेशों से बैंकों के लेन-देन और वेस्टर्न यूनियन और जायदाद सम्बन्धी विवरण इकट्ठा किये गए।




## लोकसभा चुनाव में भाजपा की नाव पलट देगी जनता : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी(सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की नाव जनता पलट देगी। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा के 25 सांसदों के क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार की हार महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ जनता का फैसला है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को एक अखबार की कटिंग को लगाते हुए ट्वीट किया, 'उप्र निकाय चुनाव में भाजपा के लगभग 25 सांसदों के क्षेत्र में जनता ने भाजपा के प्रत्याशियों को हराया है। ये महंगाई, बेरोजगारी, ठप्प कारोबार, ध्वस्त कानून-व्यवस्था, नारी-युवा विरोधी भाजपाई सोच व भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता का फैसला है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा की नाव पलट देगी।'




## उप्र: मिशन-2024 पर निकले भूपेन्द्र चौधरी एवं धर्मपाल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में प्रचण्ड जीत के बाद मिशन-2024 की तैयारी में जुट गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल मिशन-2024 को फतह करने के लिए प्रदेश के दौरे पर निकल चुके हैं। प्रदेश के पार्टी तथा संगठन के मुखिया भूपेन्द्र एवं धर्मपाल ने नगर निकाय चुनाव के तुरंत बाद ही अगले कार्यक्रमों एवं प्रवास की अपनी घोषणा कर दी है।

### यात्रा में आ रही चुनौती के बावजूद, सरकार यात्रियों की सुख-सुविधाओं पर दे रही है ध्यान : धामी

## सीएम धामी ने कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**ऋषिकेश।** मुख्यमंत्री, पर्यटन मंत्री, शहरी एवं विकास मंत्री, नगर निगम महापौर ने संयुक्त रूप से ऋषिकेश में 1480.76 लाख से ट्रांजिट कैंप, परिसर ऋषिकेश में 474 लाख की लागत से आंतरिक रोड और सरफेस पार्किंग के साथ यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन ऑफिस कम ट्रांजिट कैंप निर्माण परियोजना का उद्घाटन किया। बुधवार की दोपहर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्रांजिट कैंप पर उक्त निर्माण कार्यों का उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि उत्तराखंड सरकार के लिए चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्री अतिथि देवो भव की तरह हैं, जिन्हें सभी सुख सुविधाएं देना सरकार का कर्तव्य है। इसी को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने ऋषिकेश सहित चारों धामों में यात्रियों के रहने और उनको सस्ता और अच्छा स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराए जाने के लिए व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री धामी का कहना था कि सरकार के समक्ष पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष की यह यात्रा चुनौतीपूर्ण है। क्योंकि चारों धामों में इस वर्ष बारिश के साथ बर्फबारी लगातार हो रही है, जिसके बावजूद भी यात्रियों के उत्साह में कोई कमी नहीं देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि चारों धामों में यात्रा करने के लिए यात्री अपनी मोक्ष की कामना के साथ परिवार में भगवान से सुख शांति की दुआएं करने के लिए श्रद्धा पूर्वक आता है।




### उप्र में आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित हुए 68.92 लाख परिवार

## अंत्योदय अन्न योजना से भी आच्छादित हुए 26.83 लाख परिवार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पांच वित्तीय वर्ष में सूबे के 1.16 करोड़ परिवारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएमजेएवाई) से लाभान्वित करने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में अब तक 68.92 लाख परिवारों को इस योजना से आच्छादित किया जा चुका है। यह आकड़ा निर्धारित लक्ष्य का 59.01 प्रतिशत है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने 5.83 करोड़ लाभान्वितों का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें से लगभग दो करोड़ गरीबों को आयुष्मान कार्ड जारी कर दिया गया है। इसमें भी पूर्व अनुमोदित कार्डों की संख्या 17 लाख 36 हजार 311 है, जिसमें अब तक 2171 करोड़ की राशि दी जा चुकी है।




**मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान में आठ लाख से ज्यादा कार्ड जारी:** मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान (एमएमजेएए) में भी प्रदेश के 8.43 लाख परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें से अबतक 3.79 लाख परिवारों को जोड़ा जा चुका है। यह लक्ष्य का लगभग 45 प्रतिशत है। इसी प्रकार कुल लाभान्वितों की संख्या 30.15 लाख तय की गई है, जिसमें से आठ लाख से अधिक को एमएमजेएए कार्ड जारी भी हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि हापुड़ में 100 प्रतिशत गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से जोड़ने का बड़ा लक्ष्य पूरा कर लिया गया है।

## राजनीति में धर्म का इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए घातक : मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में मिली करारी हार के बाद बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की प्रमुख मायावती ने सत्ताधारी पार्टी भाजपा पर तीखा हमला किया है। उन्होंने गुरुवार को एक ट्वीट कर कहा है कि यूपी में सत्ताधारी पार्टी द्वारा जनविरोधी नीतियों, गलत कार्यकलापों आदि कमियों का चुनाव पर प्रभाव कम करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, इनका द्वेषपूर्ण, दमनकारी व्यवहार एवं धर्म का राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल अति-गंभीर व अति-चिन्ताजनक, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने अगले ट्वीट में भाजपा पर हमला करते हुए पार्टी कार्यकताओं से कहा है कि इन घोर जनविरोधी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करने की जरूरत है। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता ठोस रणनीति बनाकर उसके(भाजपा) हिसाब से आगे खासकर लोकसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारी में जुट जायें। उल्लेखनीय है कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मण्डल व जिलाध्यक्षों सहित जिलों के कोर्डिनेटरों की बैठक बुलायी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद लगातार भाजपा पर हमलावर हैं।



## खबर संक्षेप

### सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनकर श्रोता भावविभोर

**जंघई।** पूरेडीह बरियांवा गांव में मुख्य यजमान पंडित राधारमण तिवारी सोहगौरा के निवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन सुदामा चरित्र वर्णन परीक्षित मोक्ष के साथ बुधवार को संपन्न हुई।श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास पंडित वरुण पांडेय महाराज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाकर लोगों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि सुदामा जी भगवान श्री कृष्ण के परम मित्र थे श्री कृष्ण से उनकी मित्रता ऋषि संदीपनी के गुरुकुल में शिक्षार्जन के समय हुई। सुदामा जी अपना व अपने परिवार पत्नी तथा बच्चे का भरण पोषण ब्राह्मण रीति के अनुसार भिक्षा मांग कर करते थे सुदामा इतने में ही संतुष्ट रहकर हरि भजन करते रहते थे। एक दिन वह अपनी पत्नी के कहने पर सहायता के लिए द्वारकाधीश श्री कृष्ण के पास गए। उनकी दशा देखकर तीनों लोकों के स्वामी के आंखों से आंसू आ गए। उन्होंने अपने मित्र सुदामा की दो दिन सेवा करके उन्हें वहां से विदा कर दिया। जब सुदामा जी अपने नगर पहुंचे तो उन्होंने पाया की उनकी टूटी-फूटी झोपड़ी के स्थान पर सुंदर महल बना हुआ है महाराज ने राजा परीक्षित के मोक्ष पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

# भेड़ चोरी करते हुए ग्रामीणों ने आधा दर्जन चोरों को दबोचा

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र में इन दिनों भेड़ और बकरी के चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। बीती मंगलवार की देर रात्रि क्षेत्र के धाव गांव में बोलेरो वाहन से भेड़ों की चोरी करने पहुंचे आधा दर्जन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन चोर बोलेरो वाहन से गांव में पहुंचे थे। जो चार भेड़ बोलेरो वाहन में लाद लिए थे। गांव में ही आई बारात से लौट रहे कुछ लोगों ने चोरों को देख लिया भेड़ चोरी होते देख ग्रामीणों ने शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। जिस पर चोर भागना चाहे लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बोलेरो वाहन में कुछ आंशिक तौर पर तोड़फोड़ भी की है। मंगलवार को धाव गांव निवासी श्रीपति पाल के यहां बारात आए हुए थे रात्रि एक बजे के करीब बोलेरो वाहन से आधा दर्जन लोग गांव में पहुंचे और राजित राम पाल पुत्र सियाराम पाल की घर से 50 मीटर दूर खेत में बंधी हुई भेड़ों को लादना शुरू कर दिया। इसी बीच गांव के कुछ लोग बारात से घर की ओर लौट रहे थे और भेड़ लादते हुए चोरों को देख लिया। जिस पर ग्रामीणों ने मौके पर ही चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया, और 112 डायल कर मामले की सूचना पुलिस को दी। जिस पर डायल 112 समेत थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और रात्रि में ही मय बोलेरो वाहन समेत सभी चोरों को थाने उठा लाए। पकड़े गए चोरों में मुजावर, जकायत व शिकायत खान पुत्र गण सज्जन निवासी गण ग्राम कंधरा थाना बरगढ़ चित्रकूट एवं पठान भट्ट पुत्र हामिद खान निवासी ग्राम कंधरा थाना बरगढ़ चित्रकूट, मोनू कुरैशी पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी बारा गर्मी थाना बारा प्रयागराज व अनुराग गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राजकुमार गुप्ता निवासी मोढ़ी नगर थाना शंकरगढ़ प्रयागराज शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि राजकुमार गुप्ता ही बोलेरो का चालक था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भेड़ चोरी करने के आरोप में पकड़े गए सभी लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। सभी को जेल भेजा जाएगा।

### बीते जनवरी माह में भी 22 भेड़े हुई थी चोरी

धाव गांव के रहने वाले राजित राम पाल पुत्र सियाराम पाल की बीते जनवरी माह में 22 भेड़े रात्रि में ही चोरी हो गई थी। जिसकी तहरीर इनके द्वारा बीते 24 जनवरी कोरांव पुलिस को दी गई थी। लेकिन पुलिस के द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। चोरी की गई 22 भेड़ों की कीमत लगभग डेढ़ लाख के आसपास बताई गई थी। तहरीर देने के बाद भी पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी जिसका नतीजा हुआ कि बीती रात्रि को भी बोलेरो वाहन से दोबारा भेड़ों की चोरी करने पहुंचे आधा दर्जन चोरों को ग्रामीणों ने मय बोलेरो वाहन समेत पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसी प्रकार बीते वर्ष में अलहवा गांव के रहने वाले पत्रकार अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे की आधा दर्जन बकरियों की चोरी कर ली गई थी। जिसका भी आज तक कुछ अता-पता नहीं चला। इसी तरह क्षेत्र के बरनपुर गांव में भी भेड़ और बकरी चोरी करने की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन किसी भी घटना का पुलिस खुलासा नहीं कर सकी। यह तो संयोग ही रहा की भेड़ों की चोरी करते समय ग्रामीणों ने आधा दर्जन चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।





# ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल में फायर ब्रिगेड द्वारा बच्चों को आग से बचाव के लिए दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकास खण्ड उरुवा अन्तर्गत हाई स्कूल तक अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त ज्ञान दीप इन्टरनेशनल स्कूल मिवैयारोड, रामनगर सिरसा में बुधवार को फायर ब्रिगेड अग्निशमन विभाग के दरोगा श्रीराम एवं उनकी टीम द्वारा बच्चों को जागरूकता अभियान के तहत आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन के दरोगा ने बच्चों में पिरोल, गैस सिलेण्डर, विजली आदि जैसी चीजों की वजह से लगने वाली आग पर विशेष रूप से जानकारी देते हुए नुकसान के बारे में भी समझाया। इस प्रकार से लगने वाली आग से निपटने के तरीके उपकरण का प्रयोग करके समझाये एवं दिखाये। बच्चों द्वारा भी उपकरण का प्रयोग करके आग से बचाव का तरीका देखकर काफी खुश हुए। बच्चे भी आग से बचाव के तरीके जानकर उत्साहित हुए। स्कूल के प्रबंधक डॉ नीरज कुमार ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य। अतः हम समय समय पर उन्हें के इस प्रकार से जागरूक करने के लिए इस प्रकार से अनेक कार्यक्रम विद्यालय में संचालित करवाने का प्रयास करते रहेंगे। प्रधानाचार्य एस. एन. तिवारी ने सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक के साथ स्कूल के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### हरि कथा मनुष्य के जीवन को बनाती है सुगम : आचार्य श्री रवि कृष्ण जी



**सहसों।** क्षेत्र के घरहरा गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ समस्त चकिया घरहरा ग्रामवासी आयोजक मंडल द्वारा संगीत मय चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य श्री रवि कृष्ण जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व गोवर्धन पूजा की कथा का सजीव वर्णन किया। कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीला में माखन चोरी, व्योमासुर वध, अकासुर, बकासुर, कगासुर, पूतना जैसी राक्षसी का उद्धार एवं कालिया नाग का मान मर्दन, वायु एवं आकाश तत्व का शोधन जैसे मार्मिक प्रसंग सुनाकर श्रोता भक्तों को भाव विभार कर दिया। गोवर्धन पूजा के बारे में उन्होंने कहा कि यदि भगवान के भक्तों में विकार आ जाता है तो वे अपने भक्तों की रक्षा को उसके अहंकार के अंकुर को नष्ट कर देते हैं। तदैव इंद्रदेव का उदाहरण स्वरूप उन्होंने बताया एक बार देवराज इंद्र को अहंकार हो गया था। तब श्री कृष्ण ने मार्ग दर्शन कर इंद्र की पूजा न कराकर गिरिराज गोवर्धन की पूजा कराते हुए इंद्र का भी घमंड चूर किया। अर्थात जो क्रोधादि विकारों से रहित है वह कन्हैया श्याम सुंदर का अत्यंत प्रिय है। कथा विश्राम पर दैनिक यजमान के रूप में तेज प्रताप सिंह सपत्नीक एवं समस्त आयोजक मंडल के सदस्यों ने व्यास पीठ तथा आवाहित देवी-देवताओं एवं यज्ञशाला की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आचार्य विनय मिश्र शास्त्री यज्ञाचार्य, यज्ञ अधिष्ठाता महेशानंद जी महाराज तथा रिंकू सिंह, लाल प्रताप सिंह, विनोद कुमार सिंह, धर्मराज सिंह, आदर्श त्रिपाठी, बकेल मिश्रा, रामसुख मिश्रा, अनुज मिश्रा, सागर सिंह, सत्यम सिंह सहित भारी संख्या में रस रसिक श्रोता भक्तों ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

### सोनार तारा बाजार के समीप कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल



**मेजा।** मेजा थाना जेवनिया चौकी अंतर्गत सोनार के तारा बाजार के समीप कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से गंभीर अवस्था में सीएससी रामनगर भेजा गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार सीताराम केसरी पुत्र हनुमान दास केसरी 40 वर्ष निवासी औंता दोपहर बाइक से वह सोनार का तारा बाजार आ रहे थे जैसे ही वह सोनार का तारा बाजार के समीप पहुंचे थे कि तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दिया। मामले की जानकारी पर परिजन भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े जिन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### अवैध कच्ची देशी शराब के साथ दो तस्कर धराए

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने मुखबीर की खास सूचना पर अवैध कच्ची देशी मिश्रित शराब व उपकरण के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनो आरोपियों को थाने ले आयी सम्बन्धित मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही को अंजाम दिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक चन्द्रपाल सिंह उप निरीक्षक कमलेश गिरी कई पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर थाना क्षेत्र बड़े मन्दिर के सामने कछार मे बहद ग्राम मवैया के पास घेराबन्दी कर गिरफ्तार किया।

# जगलाल जगत बहादुर पटेल इं.कालेज के टॉप टेन छात्रों को डीएम ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के चोरबारवा बीरभानपुर खरगापुर स्थित जगलाल जगत बहादुर पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज के एक छात्र व तीन छात्राओं ने जिले के टॉप टेन की सूची में शामिल होने पर क्षेत्र खुशी है। बताया गया है कि बुधवार को संगम सभागार प्रयागराज में टापर्स बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी संजय खत्री जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन.सिंह ने श्री जगलाल जगत बहादुर पटेल के हाई स्कूल की जनपद में पांचवें स्थान की श्रेजल विश्वकर्मा, आठवें स्थान की प्रतिभा पटेल, शशांक पटेल तथा नौवें स्थान की अंशिका पटेल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । जिले में सम्मान किए जाने के बाद लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। प्रधानाचार्य आर.एन.सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते बधाई दी।






# सीडीओ ने किया सोरांव ब्लॉक संग क्षेत्र का औचक निरीक्षण, लगाई फटकार

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** विकास कार्यों का जायजा व प्रगति रिपोर्ट जानने के लिए बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज गौरव कुमार ने सोरांव क्षेत्र का भ्रमण किए। तथा कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को फटकार भी लगाए।गौरतलब है कि सीडीओ गौरव कुमार ने सराय लाल खातून उर्फ शिवगढ़, पडरैया, माधवपुर सधनगंज, अहिबीपुर आदि गांव में गए तथा विकास कार्यों का जायजा लिए।तत्पश्चात सोरांव ब्लॉक कार्यालय पर लगभग 4 घंटे तक रहे तथा ब्लॉक के प्रत्येक ऑफिस में जाकर संबंधित विषय पर प्रगति रिपोर्ट भी लिए। हालांकि कुछ कर्मचारियों के गैर हाजिर रहने पर व उनके कार्यशैली को लेकर नाराजगी भी जाहिर किए। और संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। तथा समय पर उपस्थित होने व नियम पूर्वक कार्य करने की बात कही। तथा ब्लॉक स्थित संगम सभागार में सभी सचिव व एडीओ संग बैठक किए तथा आयुष्मान कार्ड, शौचालय, आवास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा किए और प्रगति रिपोर्ट को बढ़ाने का तरीका भी बताए तथा जल्द से जल्द पूरा कार्य करवाने की बात कहें।




वापस जाते समय ग्राम पंचायत उसरही का निमार्णाधीन मियां बाकी स्थल का भी निरीक्षण किए तथा ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित ग्राम प्रधान सीता देवी व रोजगार सेवक दीपक यादव और प्रधान पति अवधेश कुमार कुशवाहा की सराहना भी किए। इस मौके पर नवागत वीडियो सार्थक अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र यादव, एडीओ पंचायत विजय कुमार यादव, सचिव अखिलेश कुमार, नरेंद्र कुमार, मोहम्मद साकिब, अजय यादव, सुनीता सिंह, रिचा सिंह, रितु प्रिया, मुकेश मौर्य, अंकित मौर्य, ज्वाला सिंह ठिकेदार, विजय द्विवेदी ठिकेदार, संतलाल प्रजापति, सहित मनरेगा सेल के देवा नंद श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ आदि लोग मौजूद रहे।

## अमेठी समाचार

# संकुल-तिलोई की बैठक प्रा. विद्यालय आशापुर रूरू में सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**तिलोई अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत निपुण भारत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु महा निदेशक विजय किरण आनन्द के आदेशानुसार प्रत्येक मास के तृतीय मंगलवार को संकुल बैठक का आयोजन होता है, इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय आशापुर रुरू ,में संकुल बैठक का आयोजन धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद - अमेठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । बैठक का संचालन शशि कुमारी सिंह नोडल शिक्षिका ने किया । बैठक में शशि कुमारी सिंह ने बैठक के एजेण्डा के अनुसार परियोजना संबंधी समस्त प्रकार की जानकारियों से शिक्षकों को अवगत कराया उन्होंने बताया निपुण भारत के साथ-साथ कक्षा एक में रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसे हम लोगों को पूर्ण निष्ठा व लगन से करना है,और समय से हाउसहोल्ड सर्वे का कार्य पूरा किया करना है। बैठक में निपुण रेडीनेस कार्यक्रम, शिक्षण पाठ योजना, शैक्षिक नवाचार, टी जल एम निर्माण, शत- प्रतिशत नामांकन, शिक्षक डायरी, अकादमिक प्रयास, शिक्षक दर्शिका का प्रयोग, हाउस होल्ड सर्वे सहित कई बिंदुओं पर चर्चा पर चर्चा की गई। बैठक में शशि कुमारी सिंह, कुमकुम सिंह, खुशबू जायसवाल, शशिकला, शहाना बानो, पुनीत कुमार, उपमा शुक्ला, कृष्णा वती, एवं सरला सिंह ने शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से पढ़ाने की नवीन गतिविधियों से शिक्षकों के बीच में जानकारी प्रदान की। बैठक में धीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि जो कुछ भी यहां हम चर्चा-परिचर्चा में सीखते हैं और जो भी परियोजना के दिशा निर्देश हैं उनका अक्षरशः पालन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का पूर्ण प्रयास करें। बैठक में विजय कुमार सिंह,भारतेंदु अरविंद श्रीवास्तव, राम सिंह,अमृता जायसवाल, शालिनीसिंह, अमिता जायसवाल, रजिया बानो, सरिता सिंह, प्राची श्रीवास्तव, शिप्रा सचान, शशिभा सिंह, राहुल मित्रा, शौकत अली, राजकुमार जायसवाल, रामावती, पूणेन्दु सिंह, पल्लवी श्रीवास्तव सुचित्रा सती, रईस फात्मा, हंसराज वर्मा, मीना सिंह एवं रवि कान्त मिश्रा उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा बैठक की बहुत ही सुन्दर व्यवस्था करायी गयी थी, जिसका उपस्थित सभी शिक्षकों ने सराहना व प्रशंसा किया।




### अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा फुरसतगंज में किया गया पैदल गस्त



**फुरसतगंज अमेठी ।** अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत तथा ‖मिशन शक्ति‖ नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा फुरसतगंज में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीगंज में 22 मई को किया जायेगा रोजगार मेले का आयोजन

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज एवं कौशल विकास मिशन अमेठी के संयुक्त तत्वाधान में 22 मई 2023 को प्रातः 10:30 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीगंज अमेठी में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के माध्यम से बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 20 से 40 वर्ष तक आयु के 10वीं/12वीं उत्तीर्ण व अन्य योग्यताधारी अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है, रोजगार में में आवेदन हेतु सेवायोजन वेब पोर्टल शै६ं८ङ्गल्ल.४स्र.ल्ग्रू.ल्ल मेला आई0डी0-7603 के माध्यम से अपनी योग्यता के अनुरूप 21 मई 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि कम्पनी का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है तथा पंजीकरण एवं रोजगार मेले की जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है, इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

### प्रतियोगी परीक्षा में निःशुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश हेतु पात्र छात्र/छात्रा करें आवेदन 30 मई तक

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी आर0के0 शर्मा ने अवगत कराया है कि विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं (आईएएस/ यूपी.पीसीएस/ एनईईटी/ जेईई/ एनडीए/ सीडीए) की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश हेतु पात्र छात्र/छात्राओं से 30 मई 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्र/छात्रा निःशुल्क आवेदन पत्र कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, कमरा नं0-2 विकास भवन गौरीगंज जनपद अमेठी एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में तैनात सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) से 30 मई 2023 तक निःशुल्क प्राप्त कर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि सत्र 2023-24 में एनडीए/सीडीएस -1 प्रारम्भिक परीक्षा हेतु कक्षा का संचालन 15 जून 2023 से तथा सिविल सेवा/नीट/जेईई की तैयारी हेतु कक्षा का संचालन 01 जुलाई 2023 से प्रारम्भ किया जायेगा।



# एंटी रोमियो अभियान के तहत थाना कमरौली पुलिस द्वारा संदिग्धों की चेकिंग की गयी

अखंड भारत संदेश

**अमेठी।** कमरौली अमेठी पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थाना कमरौली पुलिस की एन्टी रोमियो टीम द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

# श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों के बालक व बालिका 20 मई तक अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु करें आवेदन

अखंड भारत संदेश

**अमेठी।** सहायक श्रमायुक्त गोविन्द यादव ने अवगत कराया है कि श्रम विभाग के अंतर्गत उ0प्र0 द्वारा अटल आवासीय विद्यालय योजना संचालित की जा रही है जिसके अंतर्गत बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों का पात्रता के अनुसार कक्षा 6 में प्रवेश होगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा अटल आवासीय विद्यालय अमराई गांव तहसील रुदौली जनपद अयोध्या में सत्र 2023-24 से संचालित किया जा रहा है जिसमें कक्षा 6 में 80 सीटों (40 बालक व 40 बालिकाओं) के प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र किसी भी सामान्य कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक 20 मई 2023 तक सम्बन्धित जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला श्रम कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र समस्त संलग्नकों सहित 20 मई 2023 सायं 5 बजे तक जनपद के श्रम विभाग कार्यालय/बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराए जा सकते हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि पात्रता हेतु उम्मीदवार बालक व बालिका 10 से 13 वर्ष आयु वर्ग (01 मई 2010 से पूर्व तथा 30 अप्रैल 2013) के मध्य होना चाहिए, ऐसे नवीनीकृत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनका पंजीयन 1 अप्रैल 2023 को कम से कम 3 वर्ष की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हो अधिकतम दो बच्चों तक, कोविड से अनाथ बच्चे जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) हेतु पात्र बच्चे जिनकी आयु 10 से 13 वर्ष के मध्य हो, सभी वर्गों के लिए आरक्षण नियमानुसार देय होगा तथा आवेदन पत्र के साथ बच्चे की कक्षा 5 अंकपत्र, फोटो, आधार कार्ड, श्रमिक पंजीयन प्रमाण की प्रति व आरक्षित वर्ग हेतु जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत सभी आधुनिक सुविधाओं युक्त शैक्षणिक आवासीय विद्यालय, बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास, निःशुल्क गुणवत्तापरक शिक्षा, भोजन एवं आवास की व्यवस्था, बालक एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए स्पोर्ट्स व खेलों का प्रमोशन हरियाली से परिपूर्ण विद्यालय कैंपस तथा सुरक्षा के विशेष प्रबंध उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कक्षा 6 में चयन हेतु परीक्षा तिथि 7 जून 2023 बुधवार को प्रातः 11 बजे से अपराहन 1 बजे तक होगा, उक्त चयन परीक्षा में कुल 100 अंकों के 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (50 अंक के 40 प्रश्न मानसिक क्षमता, 25 अंक के 20 प्रश्न अंक गणित व भाषा परीक्षण) तीन खंडों में विभाजित होगा व प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 1.25 अंक दिए जाएंगे। इस संबंध में उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी के लिए सहायक श्रम आयुक्त-9760880281, श्रम प्रवर्तन अधिकारी-8840538497, 8115392500 व कम्प्यूटर ऑपरेटर-7985130661 पर अथवा श्रम विभाग कार्यालय ब्लॉक परिसर गौरीगंज से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या प्रकरण में अमर गिरि को समन जारी, सुनवाई के लिए 31 मई की तिथि नियत

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या प्रकरण में जिला न्यायालय में बुधवार को सुनवाई हुई। सीबीआई की ओर से जिला जज संतोष राय की कोर्ट को बताया कि घटना की सूचना देने वाले वादी अमर गिरि का पहला बयान कोर्ट में दर्ज कराया जाए। कोर्ट ने नियत तिथि को वादी मुकदमा अमर गिरि को समन भेजने का आदेश जारी किया।जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाबचंद अग्रहरि ने बताया कि मामले में जिला जज की कोर्ट में ट्रायल शुरू होना है। कोर्ट ने पहले और दूसरे गवाह के रूप में बाघम्बरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बलवीर गिरि और संतोष दास सतुआ बाबा को समन भेजकर तलब किया गया था। सीबीआई के प्रार्थना पत्र पर अब पहले अमर गिरी की 31 मई को गवाही कराई जाएगी।

प्रयागराज विकास प्राधिकरण शहर के आसपास इलाके में हो रही अवैध प्लाटिंग पर उठा रहा सख्त कदम

# नसीरपुर में पीडीए ने 5 बीघा अवैध प्लाटिंग को कराया ध्वस्त

▶ बिना नक्शा पास कराए हो रहा था अवैध निर्माण, खरीदारों को भेजा जाएगा नोटिस

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण पीडीए शहर के आसपास के इलाकों में हो रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को पीडीए के जोनल अधिकारी अजय कुमार व अतिरिक्त अवर अभियंता जेएम सिंह ने पीडीए प्रवर्तन टीम के साथ नसीरपुर सिलना भीटी रोड पर बड़ी कार्रवाई की।

**बाउंड्रीवॉल पर चलाया बुलडोर :**

नसीरपुर में रफीक अहमद, खाली जफर, अहमद सिद्धकी, महबूब व अन्य लोगों ने 5 बीघे में लोगों को अवैध रूप से बिना नक्शा पास कराए प्लॉट बेच दिए थे। इन प्लॉट्स में खरीदारों ने बाउंड्री वाल बना लिया था। अब पीडीए के अधिकारियों ने 5 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग और बाउंड्री वाल को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया।जोनल अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पीडीए के सचिव अजीत सिंह के निर्देश पर अवैध रूप से की गई प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया है। बेचने वालों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पीडीए यह भी देखेगा कि एक बार ध्वस्त की गई प्लाटिंग पर दोबारा बाउंड्री वॉल ने बनाई जा सके। इसके लिए खरीदारों को नोटिस दी जा रही है।

### उच्च रक्तचाप के मरीजों में हो रही वृद्धि : डा. अमित यादव

**सहसों।** सही बचाव सही जानकारी ही जीवन के आधार से अभाव के कारण आज की आधुनिक जीवन शैली में उच्च रक्तचाप के मरीजों में निरंतर विधि देखने को मिल रहा है। उक्त बातें विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर सहसों बाईपास स्थित हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अमित यादव ने कही। उन्होंने कहा आज दुनिया भर में 100 करोड़ से अधिक वयस्कों को उच्च रक्तचाप प्रभावित कर रहा है। उच्च रक्तचाप से गंभीर बीमारियां जैसे दिल का दौरा पड़ना, दिमाग की नस फट जाना, किडनी रोग जैसी गंभीर समस्याएं मनुष्य के शरीर में होने लगी है। डॉ अमित यादव ने कहा कि इसके कुछ प्रमुख उपाय एवं सुझाव हैं जोकि लोगों को चाहिए कि समय निकालकर शारीरिक गतिविधि पर ध्यान देते हुए अधिक से अधिक व्यायाम करें, मोटापा को कम करें, वजन न बढ़ने दें, दिमागी तनाव को कम करने की कोशिश करें, अच्छी और आरामदायक नींद लें, लहसुन व नमक का सेवन कम करें हो सके तो चीनी, काबोर्हाइड्रेट तथा फैटी युक्त ज्यादा भोजन से बचें। इस मौके पर प्रमुख रूप से पंडित जय प्रकाश, इंजीनियर बद्री प्रसाद, नीरज पांडे, राजेश शुक्ला, राजेश यादव, शिवम पाल, राकेश यादव, निशा यादव सहित आदि लोगों ने उपस्थित होकर डॉक्टर के सुझाव एवं बचाव के साथ जागरूक हुए।

## न्यूज झरोखा

### सेवानिवृत्त नहीं होता शिक्षक : विपेन्द्र सिंह



**फूलपुर।** सेवानिवृत्त नहीं होता शिक्षक बल्कि वह जीवन पर्यंत समाज के लिए एक पथ प्रदर्शक का कार्य करता रहता है। यह बातें बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ फूलपुर इकाई द्वारा आयोजितशिक्षक उन्नयन गोष्ठी व सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह में फूलपुर ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह पटेल ने अपने संबोधन कहा। मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी फूलपुर सौरभ भट्ट ने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ-साथ देश के सुनहरे भविष्य का भी निर्माण करता हैं। उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ फूलपुर के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने शिक्षको यह के लिए सदैव संघर्ष करते रहने की बात कही तथा संघ के प्रतिनिधियों व उनके कार्यकलापो पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवस्ताव, एडीओ पंचायत गुलाब चंद्र पांडेय,अधीक्षक सीएचसी फूलपुर सुनील कुमार पांडेय, जिलाध्यक्ष जूनियर संघ विनोद कुमार पांडेय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने संघ के फूलपुर इकाई के निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन शशिकांत मिश्रा ने किया। शिवबहादुर यादव, राजेंद्र अनुरागी, रानी गुप्ता, अतुल कुमार, नीरज कुमार सिंह, प्रभा शंकर त्रिपाठी जे पी त्रिपाठी के अलावा सेवानिवृत शिक्षको में उमापति पांडेय, दीनानाथ यादव, राजीव शुक्ला, सुषमा यादव, माला चौबे, मुन्नी बेगम, शोभा श्रीवास्तव आदि रहे।

### उग्रसेनपुर में ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान



**प्रतापपुर।** उग्रसेनपुर रेलवे स्टेशन समीप एक 27 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्म हत्या कर लिया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के शुक्लपुर बरेस्ता निवासी मृतक रामकरन 27 पुत्र लालचन्द्र भारतीया मंगलवार को मोटर साइकिल से अपने ससुराल बारात में गया था बुधवार को ससुराल से वापस आते समय उग्रसेनपुर रेलवे स्टेशन के समीप लगभग 3 बजे शाम बाइक को रेलवे ट्रैक के किनारे खड़ी करके ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान जीवनलीला समाप्त कर लिया।सूचना पर पहुँची जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी।रोते-बिलखते परिजन मौके घटनास्थल पर पहुँचे।हालांकि किस वजह से युवक ने आत्महत्या किया यह स्पष्ट नही हो पाया।मृतक की पत्नी का नाम सुनीता देवी और उसके पास एक तीन वर्ष बेटा कृष्णा है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### सीमैट की टीम द्वारा कौड़िहार का निरीक्षण



**प्रयागराज।** राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश की टीम द्वारा विकासखंड कौड़िहार के निपुण अभियान की प्रगति का अवलोकन किया गया। विकासखंड कौड़िहार में अभी तक चलाए जा रहे निपुण अभियान कार्यक्रम की सफलता पर टीम ने संतोष व्यक्त किया। टीम हमें प्रमुख रूप से मायाराम ( पीईएस) के साथ सीमैट के खन्ना जी व अन्य सदस्य मौजूद रहे। टीम के द्वारा यह बताया गया कि निपुण मिशन की इस सफलता पर एक डॉक्यूमेंट्री भी बनाई जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र एवं एआरपी जय सिंह ने निपुण लक्ष्य अभियान के प्रगति से संबंधित विभिन्न विद्यालयों के दस्तावेजों का अवलोकन कराया। इस दौरान कौड़िहार के अन्य एआरपी विष्णु कुमार मिश्र अजमल अमीन अंसारी अवनीश सिंह के अलावा प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज के प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार भी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत हुए नीरज सिंह



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा फूलपुर जनपद प्रयागराज के तत्वाधान में फूलपुर मोती पैलेस में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह एवं प्राथमिक शिक्षक संघ फूलपुर इकाई के कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संविलियन विद्यालय मुबारकपुर के प्रधानाध्यापक नीरज सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किए गए। प्रमाणपत्र देते हुए जिला अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव ने कर्तव्य निष्ठा का वोध कराया। ब्लाक इकाई के अध्यक्ष दिनेश मिश्र , मंत्री रानी देवी एवं कोषाध्यक्ष अतुल ने भी कार्यकारिणी के साथ शपथ लेते हुए कर्तव्य निष्ठा के साथ शिक्षक हित के लिए समर्पण की बात कही।

### शातिर चोर गिरफ्तार, 15 लाख का चोरी का माल बरामद



**झूंसी।** पुलिस ने बुधवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लाखों के जेवरात व नगदी बरामद किया है। पुलिस की माने तो युवक कुछ दिन पहले ही जेल से छूट कर आया था और फिर एक मकान का ताला तोड़ दिया। झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने पखवारे भर पहले पंत संस्थान के बगल रहने वाले लवकुश मिश्रा के घर हुई चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि चौकी इंचार्ज छतनाग नवीन सिंह ने बुधवार को पुरानी झूंसी कोहना निवासी सरफराज को गिरफ्तार किया उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 15 लाख से अधिक के जेवरात बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि सरफराज स्मैक का लती है और कई बार जेल जा चुका है। 22 अप्रैल को ही जेल से छूट कर आया था और लवकुश मिश्रा के घर से लाखों के जेवरात व नगदी उड़ा दिया।

### बारात में आए युवक की बाइक हुई चोरो थाने में दी तहरीर

**मऊआइमा।** बारात में शमिल होने के लिए बाइक से आए युवक की बाइक चोर उडा दिए। भुक्तभोगी ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गौहानी निवासी धर्मवीर पुत्र पारसनाथ मऊआइमा के ग्राम बसदेहया निवासी राजा राम के शादी समारोह में आया था।बताया गया है कि जैसे वह निमंत्रण करके बाइक के पास आया । उसकी बाइक नदारद थी। धर्मवीर ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

## नए यमुना पुल से कूदी युवती गोताखोरों ने बचाई जान

पुल से आने जाने वालों ने बोला नया यमुना पुल बन चुका है सुसाइड प्वाइंट



**नैनी।** नया यमुना पुल सुसाइड प्वाइंट बन चुकं नए यमुना ब्रिज से बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक युवती ने यमुना में छलांग लगा दी। नीचे मौजूद गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला। उसके बाद पुलिस ने अस्पताल भेज दिया पुलिस का कहना है कि घरेलू कलह के कारण उसने जान देने की कोशिश की थी।बुधवार को नैनी कोतवाली अंतर्गत नए ब्रिज पर करीब 10.30 बजे एक लड़की पहुंची थी। वह परेशानी हालत में पुल पर टहल रही थी उसके बाद अपना दुपट्टा पर्स चप्पल उतार कर वह अचानक से नए पुल की रेलिग पर चढ़ कर यमुना में छलंग लगा दिया। पुल से गुजरने वाले लोग शोर मचा के नीचे मौजूद गोताखोर मनोज निषाद और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचे और डूब रही लड़की को बाहर निकाला घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लड़की को अस्पताल ले गई। वहां होश में आने के बाद उसने अपना नाम तरन्नुम पुत्री मोहम्मद सोहराब निवासी झूंसी के रूप में हुई। पुलिस ने उसके घरवालों को सूचना दी। नैनी पुलिस के अनुसार घरवालों ने बताया कि घरेलू कलह से परेशान होकर युवती ने आत्महत्या करने की कोशिश की। युवती की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### जमीन के विवाद में दो भाइयों ने राइफल सटाकर दी जान से मारने की धमकी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के कैंट इलाके में रहने वाले दो सगे भाइयों पर माफिया अतीक अहमद के नाम पर 10 लाख रुपए रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित ने कैंट थाने में दोनों भाइयों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। प्रयागराज नगर के कैंट थाना अंतर्गत राजापुर गंगानगर निवासी विक्रांत यादव पुत्र जगन्नाथ यादव ने डीसीपी नगर दीपक भूकर को शिकायत पत्र दिया। बताया कि वर्ष 2018 में उसकी मुलाकात शिबू व उसके भाई असहल पुत्र मोहद्दी निवासी बेली गांव, कैंट से हुई थी। उन्हीं दोनों लोगों के जरिए पीड़ित ने बेली कछार में 470 वर्ग गज जमीन ?8000 वर्ग गज के हिसाब से तय की थी। बयाना के रूप में भूपेंद्र सिंह निवासी गंगानगर राजापुर और सुशांत यादव की मौजूदगी में चेक के माध्यम से दो अलग अलग किश्तों में पांच लाख रुपए दिया था। लेकिन जब जमीन के बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि वह विवादित है। जिस कारण पीड़ित ने जमीन लेने से इनकार कर दिया और बयाना के रूप में दिए गए रुपए वापस करने को कहा। जिसके बाद दोनों भाई अपने वायदे से मुकर गए और अपनी लाइसेंसी राइफल निकालते हुए धमकी दी कि हम अतीक के आदमी हैं। तुम उल्टा 10 लाख हमें दो, वरना जिंदा रहना मुश्किल हो जाएगा।इस संबंध में पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने अनसुना कर दिया। जिसके बाद 15 मई को डीसीपी नगर दीपक भूकर को शिकायत पत्र दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ 323, 504, 506, 406, 420, 386 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। कैंट थाना प्रभारी रुकुम पाल सिंह ने बताया कि रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## युवक प्रेम जाल में फंसा कर करता रहा योन शोषण

अखंड भारत संदेश



शादी का झांसा देकर युवक करता रहा यौन शोषण पांच साल में चार बार कराया गर्भपात, दो महीने से कर रहा मारपीट, अब युवती ने शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**नैनी।** नैनी थाने में एक युवती ने प्रार्थना पत्र देकर लगाया आरोप पिछले पांच साल से लिव इन रिलेशनशिप में रह रही मध्य प्रदेश की युवती के साथी ने उसे धोखा दे दिया है। उस मारपीट कर घर से निकाल दिया परेशान युवती ने नैनी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। नैनी पुलिस मामले की जांच ट्रेन में हुई थी मुलाकात मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की रहने वाली एक लड़की संगीत के क्षेत्र में काम करती है उसका आना-जाना बना रहता है 5 साल पहले वह भदोही जा रही थी जिस ट्रन के डिब्बे में बैठी थी उसकी सीट के सामने एक लड़का बैठा था, जो छपरा बिहार का रहने वाला था उस लड़के ने अपना नाम शैलेंद्र कुमार शाह पुत्र राम जी शाह बताया था बातचीत के दौरान दोनों ने एक-टूसरे का काट्रैक्ट नंबर लेकर फोन के जरिए बात शुरू हो गई बातचीत कुछ दिनों में प्रेम में बदल गया। उसके बाद दोनों साथ रहने लगे शैलेंद्र कुमार ने प्रयागराज के नैनी कोतवाली अंतर्गत शंकर ढाल इलाके में किराए का कमरा लेकर दोनों साथ रहने लगे झांसा देकर कराया गर्भपात आरोप है कि शादी का झांसा देकर शैलेंद्र कुमार लगातार पीड़िता का शोषण करता रहा। धीरे-धीरे 5 साल का वक्त गुजर गया। इस दौरान पीड़िता चार बार प्रेग्नेंट हुई। हर बार शैलेंद्र ने झांसा देकर उसका गर्भपात कराया पीड़िता का आरोप है कि इधर दो महीने से शैलेंद्र का किसी और महिला से संपर्क हो गया। जिसकी वजह से शैलेंद्र कुमार ने लड़की को मारना पीटना शुरू कर दिया। दो दिन पहले उसने पीड़िता को घर से ही निकाल दिया। अब जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीडिता ने नैनी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। लेकिन नैनी इंस्पेक्टर बुजेश सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र की जांच कराई जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## पिता के कातिल को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



पेंशन का पैसा न देने और बंटवारे के रूप में खेत भी पिता के नाम होने से न बेच पाने के कारण की थी हत्या

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के सिंसई सिपाह में सोमवार को सेवानिवृत्त वृद्ध पिता की हत्या के नामजद आरोपी पुत्र को मऊआइमा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के दौरान पहले उसने इलेक्ट्रिक सोल्डिंग जिससे करंट लगा कर हत्या कर के घर के पास पोखरे की झाडी से बरामद करा दया है। बता दें कि रविवार की रात लगभग बारह बजे मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासी सेवानिवृत्त वृद्ध शिक्षक सूर्यभान सिंह 78 वर्ष की सिर में करंट से दाग दाग कर तीसरे नम्बर के पुत्र दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश ने हत्या कर के बाइक से भाग गया था। सेवानिवृत्त शिक्षक सूर्यभान सिंह की हत्या से 15 मई को घर में कोहराम मच गया था। मृतक के सबसे छोटे पुत्र नारेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सुनील ने मऊआइमा थाने में अपने सगे बडे भाई दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सेवानिवृत्त शिक्षक की हत्या इलेक्ट्रिक सोल्डिंग से सिर में करंट देकर मारने की बात सामने आयी थी। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह हमराही पुलिसकर्मियों ने मुखबिर खास की सूचना पर बुधवार को बागी पनपटटी के निकट साढे तीन बजे पिता के हत्या आरोपी दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिनेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पूछ ताछ दौरान आरोपी ने आला कत्ल के रूप में घर के समीप पोखरे के झाड में फेंके गए इलेक्ट्रिक होल्डिंग को बरामद करा दिया। हत्या के पीछे गिरफ्तार दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ दिने सिंह ने बताया कि वह दो लडकियों की शादियां की थीं परन्तु पिता एक पैसा नहीं दिए वह पेंनल की रकम मांगते मांगते थक गया।।जिससे वह काफी अपमानित हुआ यही नहीं खेतों के बंटवारे उसके हिस्से का खेत उसके नाम नहीं था । अपने पिता से कहे कि उसी को बेच कर पैसा दे दो परन्तु पिता तैयार नहीं हुए तो वह जैसे तैसे दोनों बेटियों की शादी की पैसा न होने से उसे बहुत अपमानित होना पडा था और वह कर्जदार भी हो गया था। आरोपी दुर्गोश प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह आजिज आ कर जहां पिता बरामदे में सोए थे वहीं पर लगे बिजली के बोर्ड से करंट लगा कर होल्डिंग से सिर में करंट लगा लगा कर हत्या कर दी। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने बताया कि हत्या के पीछे की कहानी आरोपी दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह ने यही बताया है। फिलहाल अभी लिखा पढी पूछ ताछ की जा रही है।

### शोक सभा में याद किये गये कवि कुटेश्वर

**करछना।** यमुनापार के देवरी,निवासी चर्चित हास्य कवि कुटेश्वर नाथ त्रिपाठी उर्फ चिरकुट इलाहाबादी के निधन पर कवियों,कलाकारों, साहित्यकारों में गहरा शोक व्याप्त है। रामपुर स्थित लोक मंगल संस्थान में आयोजित एक शोकसभा के दौरान लोगों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। संस्थान के संरक्षक डॉ भगवत पांडेय और प्राचार्य लोक कवि रामलोचन सांवरिया ने कवि के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।वरिष्ठ गीतकार राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि उनकी रचनाओं में सामाजिक तीरगी और आम जनजीवन की व्यथा के विविध रंगों के साथ-साथ संचेतना भी प्रमुख पक्ष के रूप में उभरती रही। हास्य कवि अशोक बेशरम ने बीते तीन दशक पूर्व जमुनापार में जगह जगह मंचीय कविता की अलख जगाने में एक स्तंभ कवि की संज्ञा देते हुए उनकी चर्चित हास्य रचनाओं के माध्यम से याद किया। कवियों ने कहा कि चिरकुट जी के निधन से हास्य कविता का एक अनूठा रंग मंचों से दूर हो गया। लोगों ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर यमुनापार के कई कवि कलाकार और साहित्यकार मौजूद रहे।



### महापौर गणेश केसरवानी मुख्यमंत्री योगी से मिले

**प्रयागराज।** नवनिर्वाचित मेयर गणेश केसरवानी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उनके साथ सांसद रीता बहुगुणा जोशी, विधायक हर्ष वाजपेयी भी मौजूद रहे प्रयागराज के नवन्विाचित महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने नगर निगम प्रयागराज की प्रचंड जीत के बाद लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। आदित्यनाथ ने गणेश केसरवानी को बधाई दी और कहा कि यह कार्यकताओं के परिश्रम और पाटी की विचारधारा की जीत है। उन्होंने गणेश को लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाने और 2025 में लगने वाले महाकुंभ की तैयारियों में प्रयागराज नगर निगम की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाने को कहा। जनता ने जीत के साथ हमें बड़ी जिम्मेदारी दी है। वार्ड व शहर स्तर पर इस जिम्मेदारी को ईमानदारी व समर्पित भाव से हमें निभाना है महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज को सजाना और संवारना है यह हमारे लिए बड़ा मौका है और इसमें नगर निगम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है धर्म-अध्यात्म और न्याय की नगरी प्रयागराज को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर निगम जिला प्रशासन के साथ मिलकर क्या कर सकता है इस पर मंथन करें और उसे क्रियान्वित करें। सरकार किसी भी स्तर पर बजट की कमी नहीं होने देगी। महाकुंभ 2025 के मद्देनजर होने वाले हर निम्माण और विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण हो यह इस अवसर पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह,विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक दीपक पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, कमलेश कुमार, वरुण केसरवानी ,राजेश केसरवानी प्रमुख रूप से रहे।

## सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए हुआ विचारों पर चर्चा

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के रामनगर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में समाज सेवी मनोज त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमे सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए उपस्थित लोगों द्वारा विचार विमर्श के चर्चा किया गया। इस मौके पर रामचंद्र पांडे ने कहा कि यदि भारतीय समाज को अपनी संस्कृति की रक्षा करनी है तो उसे वेदों का अध्ययन एवं उसका संवर्धन करना नितांत आवश्यक है। सदियों पहले जिस व्यवस्था को मुगलों एवं फिरंगियों द्वारा बल पूर्वक बंद करा दिया गया था। उस गुरुकुल व आश्रम पद्धति परंपरा को फिर से पुनर्जीवित करने का समय आ गया है। बैठक में उपस्थित समिति के प्रबंधक शिवा कांत पांडे ने कहा कि सनातन संस्कृति के उत्थान के बिना हम श्रेष्ठ भारत की कल्पना नहीं कर सकते। क्योंकि सनातन संस्कृति ही हमारी अपनी पहचान है। विश्व के अनेक देश हमारी संस्कृति से प्रभावित होकर अपने देश के लोगों को जागरूक कर रहे हैं। परन्तु हमारे देश का दुर्भाग्य है कि हम सब जात पांत के बंधन में बंधकर समाज को नई दिशा नहीं दे पा रहे हैं। बैठक के अंत में मनोज त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिव मंदिर में प्रत्येक माह शिवा कांत पांडे के सानिध्य में सार्वजनिक हवन यज्ञ आयोजित किया जाता है। जिससे समाज में सकारात्मक माहौल बनाने का प्रयास हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री कांत त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, शुभम पांडे, नितिन त्रिपाठी, निर्मल पांडे, आर्यन पांडे, हर्ष पांडे, गौरव पांडे, आदि लोग उपस्थित रहे।

### बुनकरों को सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए मऊआइमा में 20 मई से शिविर का आयोजन

**मऊआइमा।** शासन द्वारा बुनकरों को लाभ हेतु अनेकों योजनाओं का मऊआइमा में शिविर का आयोजन 20 मई से चलाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक हथकरघा एंव वस्त्र उधोग परिक्षेत्र प्रयागराज द्वारा जारी एक विज्ञिप्त में कहा गया है कि मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना, मुख्यमंत्री हैंडलूम पावरलूम उधोग विकास योजना, अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम बुनकर विधुत सब्सिडी योजना, संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना, झलकारी बाई कोरी हथकरघा एंव पावरलूम योजना, एससीपी योजनाओं की विस्तृत जानकारी बुनकरों को देने के लिए मऊआइमा कस्बा के पूरे मियां जी में 20 मई ,23मई ,25 मई,27 मई को साढे ग्यारह बजे शिविर लगा कर बुनकरों को योजनाओं के बारे में बताया जाएगा।

## खुशी-खुशी की गई बीडीओ सोरांव की विदाई

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** नगर निकाय चुनाव के पश्चात सरकार ने अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थानांतरण का अभियान चलाया। जिसको लेकर संबंधित विभागों में लोगों ने स्थानांतरित होने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की विदाई समारोह का आयोजन किया। वही सोरांव विकासखंड के खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र यादव को भी ब्लॉक के सभी सचिव व एडीओ पंचायत संग समस्त कर्मचारियों अधिकारियों ने पुष्प पहनाकर खंड विकास अधिकारी का प्रसन्नता पूर्वक विदाई किए। जानकारी के अनुसार धीरेंद्र यादव पिछले 2 साल पहले सोरांव के बीडीओ का पद संभाल रहे थे। इतना ही नहीं बीडीओ ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों अधिकारियों को एक परिवार की तरह सभी को संजोकर रखे थे। तथा किसी भी लोगों की शिकायत पर परिवार के मुखिया की तरह लगकर समस्या का समाधान करवाते थे। जिससे पूरा ब्लॉक धीरेंद्र यादव का चहेता हो गया था। वही बुधवार को सोरांव से स्थानांतरण होकर प्रतापपुर ब्लॉक के बीडीओ के पद पर सुशोभित होने के लिए चले गए। वहीं उपजिलाधिकारी सोरांव आईएएस सार्थक अग्रवाल को बीडीओ सोरांव का भी पदभार ग्रहण कराया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत विजय कुमार यादव, एडीओ आईएसबी राजेश कुमार संग सचिव अखिलेश कुमार, नरेंद्र सिंह, अजय यादव, मोहम्मद साकिब, सुनीता सिंह, रितु प्रिया,रिचा सिंह, मुकेश मौर्य, अंकित मौर्य, राजीव सिंह, लाल प्रताप यादव, सुनील यादव, विकास यादव,आनंद यादव, ठीकेदार ज्वाला यादव, ठिकेदार विजय कुमार द्विवेदी, रोजगार संग अध्यक्ष संतलाल, देवानंद श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ, समशेर, वसीम अहमद, आदित्य मिश्रा संग समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।


## कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, कौशांबी

(विज्ञप्ति)

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि राजकीय कृषि प्रक्षेत्र कोखराज, गौसपुर टिकरी एवं बीज विधायन संयंत्र कोखराज जनपद कौशाम्बी पर पडे पुरने अवशेष बीजो, छानस अमान बीजएवं पुराने टूटे फूटे डेड स्टाक आदि की नीलामी दिनांक 27.05.2023 को नीलामी कमेटी के समक्ष केन्द्रीय बीज भण्डार मंझनपुर के प्रागण में सुबह 11:00 बजे से सम्पन्न होगी इच्छुक बोलीदाता उपस्थित होकर भाग ले सकते है। स्टॉक की मात्रा एवं भौतिक दशा किसी भी कार्य दिवस मे बीज विधायन संयंत्र कृषि प्रक्षेत्र कोखराज पर देखी जा सकती है।

जिला कृषि अधिकारी
कौशाम्बी।

पत्रांक : मेमो/प्रेस विज्ञप्ति /नीलामी/2023-24 दिनांक : 17.05.2023

# लाइसेंसी बंदूक से युवक ने खुद को उड़ाया

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोटा में तैयारी कर रहे युवक को सफलता न मिलने पर डिप्रेशन में रहने लगा। गुमसुम रहने वाला युवक बुधवार की सुबह 11 बजे अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से ट्रिगर दबा कर खुद को मौत के गले लगा लिया। गोली की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे लेकिन उसकी सांसें थम गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



सचिन (फाइल फोटो)

**पैर की अंगुली से ट्रिगर दबा कर खोपड़ी पर लगाया निशाना**

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत मंगरौरा बाजार का रहने वाला मेवालाल एक शराब की दुकान पर मुनीम का काम करता है। उनके तीन बेटों में दूसरे नंबर का बेटा सचिन बीएड करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह तैयारी करने के लिए कुछ दिन पहले कोटा भी गया था लेकिन उसे सफलता नहीं मिली कुछ दिन से वह विफलता से परेशान होकर गुमसुम तथा डिप्रेशन में रहकर किसी से बातचीत नहीं करता था। बुधवार की सुबह वह कमरे में अपने पिता मेवालाल की लाइसेंसी बंदूक को लेकर के अपने पैर की उंगली से ट्रिगर दबा कर अपनी खोपड़ी पर निशाना लगाकर खुद को उड़ा लिया। बंदूक की आवाज सुनकर परिवारीजन दौड़े तो देखा कि वह खून से लथपथ बिस्तर पर गिरा था। आनन-फानन में परिजन रोते बिलखते उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे लेकिन उसकी सांसे थम गई। सूचना पर कंधई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं युवक की मौत पर युवक की मां तथा भाइयों सहित पिता का रो रो कर बुरा हाल है।

## बाइक भिडन्त में युवक की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आमने सामने हुई दो बाइकों की भिडन्त में युवक की मौत हो गयी। घटना मे चार अन्य घायल हो गये। कालक्रूर ने कुछ ऐसा चक्र चलाया कि खुशियों के दिन में हेलमेट भी मातम के रूदन को रोक न सका। लालगंज कोतवाली के केदौरा साधू का पुरवा निवासी जमुना प्रसाद पटेल का पुत्र अनुज पटेल (25) बुधवार की सुबह बाइक से अपने बड़े भाई जितेन्द्र (38) तथा जितेन्द्र की सात वर्षीया बेटी आराध्या को बाइक से लेकर पडोसी जिले रायबरेली इलाज कराने गया था।

घर लौटते समय पूर्वान्ह साढे ग्यारह बजे लालगंज के बाबूपुर लोहंगपुर के पास सामने से आ रही एक बाइक से टक्कर हो गयी। दुर्घटना इतनी भयंकर हुई कि मृतक की बाइक पर सवार तीन तथा दूसरी बाइक पर दो लोग चुटहिल हो गये। दूसरी बाइक पर संग्रामगढ़ के पूरे निर्मलखुर्द निवासी श्यामलाल के पुत्र सुनील कुमार 35 व बांके लाल निर्मल के पुत्र राजकुमार (36) को भी चोटें आ गयी। घायलों को इलाज के लिए संग्रामगढ़ सीएचसी भेजवाया गया। सीएचसी मे चिकित्सकों ने अनुज पटेल को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी मिलने पर रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज फोर्स के साथ पहुंचे और शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतक अनुज का विवाह भी आने वाली इसी अटठाईस मई को होना था। घर में युवक के विवाह की हंसी खुशी तैयारियां चल रही थी। मृतक युवक ने हेलमेट भी पहन रखा था पर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों बाइकों मे भिडन्त इतनी भयावह थी कि अनुज की जान हेलमेट भी नही बचा सका। युवक की मौत की जानकारी होने पर घर परिवार मे मातम छा गया।

## बाजार में गड्ढे होने से बाजार वासियों को हो रही परेशानी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सड़क निर्माण के दौरान गड्ढे करने के बाद उसे भरा नहीं गया जिससे अब राहगीरों तथा बाजार वासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

स्कूली बच्चे जहां उसमें गिरकर घायल हो रहे हैं वही बाजार वासियों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। पट्टी मुख्यालय से एक मार्ग सुल्तानपुर जनपद को जोड़ने वाली चांदा जाती है। पट्टी से लगभग 5 किलोमीटर दूर नारंगपुर बाजार में चैड़ीकरण के दौरान ठेकेदार ने बाजार सड़क के किनारे गड्ढा करके गिट्टी भरने के लिए छोड़ दिया लेकिन गिट्टी नहीं भरी गई जिसके कारण अब काफी दिन से राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहां पर आए दिन छोटे बड़े एक्सीडेंट होते रहते हैं स्कूल जाने वाले नौनिहाल साइकिल लेकर उसमें गिर जाते हैं वही बाजार वासी गिर जाते है तथा बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है।

## संदिग्ध दशा में युवक की मौत पर हुई मशक्कत, जांच में जुटी खाकी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत को लेकर पुलिस आत्महत्या अथवा हत्या की आशंका में मशक्कत कर रही है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर भी गांव पहुंचे। सीओ ने ग्रामीणों से घटना को लेकर जानकारी जुटाने का प्रयास किया।

लीलापुर थाने के ओरी का पुरवा निवासी रामदीन वर्मा राजमिस्त्री का काम करता है। रामदीन का इक्कीस वर्षीय पुत्र सोनू मंगलवार की रात खाना खाकर घर के बाहर सो गया। बुधवार की सुबह सोनू का शव उसके घर से करीब सौ मीटर दूर बाग में एक पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। शौच गये किसी ग्रामीण ने सोनू का शव फंदे से लटकता देखा तो उसके घर घटना की सूचना दी। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पहुंचे तो सोनू का शव देखकर विलाप करने लगे।

परिवार के लोग मौके पर पहुंची पुलिस से सोनू की हत्या की आशंका जताने लगे। पुलिस ने पीएम के बाद स्थिति स्पष्ट होने पर परिजनों को दिलाशा दिया। तब परिजन शव को पेड़ पर अधिक ऊंचाई पर लटकता देख जांच की मांग करने लगे। इस पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलवाई तब शव को नीचे उतारा जा सका। इस पर परिजन की मौजूदगी में शव का पुलिस ने पंचनामा किया। शव पीएम के लिए भेजा गया। अपरान्ह मृतक का शव पीएम होने के बाद घर लेकर लौटे। परिजनों ने पुलिस को सोनू की मौत को लेकर नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या की तहरीर सौंपी। इधर पुलिस जांच कर कार्रवाई पर अड़ी रही। तब आक्रोशित परिजनों ने बर्फ मंगवाकर मृतक के शव को दरवाजे पर रख दिया।

परिजन मुकदमा लिखे जाने की शर्त पर ही अंतिम संस्कार की जिद पर अड़ गये। मृतक सोनू दो भाईयों मे छोटा था। लीलापुर प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता लगने पर कार्रवाई की जाएगी। गांव मे सोनू की मौत को लेकर तरह तरह की चर्चा का माहौल देखा गया। चर्चा यह भी थी कि मृतक सोनू ने यदि आत्महत्या किया तो रस्सी कहां से आयी। वहीं यह भी चर्चा रही कि गांव का ही सोनू गिरि आठ माह पूर्व संदिग्ध दशा में गोली लगने से घायल हुआ था। इस पर विपक्षियों की तहरीर पर मृतक सोनू वर्मा समेत तीन लोगों पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस भी दर्ज किया था। अभी हाल ही में माह भर पहले मृतक सोनू वर्मा जमानत पर रिहा होकर घर आया था। सोनू वर्मा के जमानत पर घर आने के माह भर के अंदर ही उसकी संदिग्ध मौत हत्या का सवाल खड़ा कर गयी है।

# मां के रहते कभी कोई गम नहीं होता

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में मना मदर्स एवं परिवार दिवस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मदर्स डे स्पेशल एवं परिवार दिवस का आयोजन न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में मनाया गया। इस दौरान छात्र एवं छात्राओं ने विद्यालय में अलग अलग कार्यक्रम प्रस्तुत कर फैमिली वीक मनाया। उसके रहते कभी कोई गम नहीं होता, दुनिया साथ दे न दे उसका प्यार कभी कम नहीं होता, इन्ही शब्दों के साथ सभी माताओं को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

कक्षा 9 की छात्रा वैष्णवी ने मेरी चैखट पे चल के आज पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया कक्षा 9 के प्रवीन पाण्डे ने कबीर के दोहे गुरु गोविन्द दोऊ खड़े की नायाब प्रस्तुति दी कु0 अदित्री सिंह कक्षा 9 ने अंबर से थोड़ा सूरज ओ प्यार पर सुन्दर नृत्य किया। उसकी सहयोगी आर्या त्रिपाठी ने मोटिवेशनल स्पीच देकर सभी छात्र छात्राओं में नवीन ऊर्जा का संचार किया। इसी क्रम में स्नेहा ने आ जा नच ले पर और चित्रा शर्मा कक्षा 8 ने ह्नजननी जन्म भूमिह्न पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। रक्षा उपाध्याय कक्षा 8 की छात्रा ने माँ तू इतनी दूर क्यूँ है गीत पर नृत्य करके सभी की आँखों को नम कर दिया। फिर आई ग्रुप डान्स की बारी कक्षा 8 की माही, अनामिका, अंशिका , रक्षा एवं श्रेयांशी ने ग्रुप डान्स प्रस्तुत किया जिसके बोल थे उंगली पकड़ के फिर से सिखा दे.. परी और समृद्धि ने मैं चली पर गर्विता ने दिलबरा पर सोनाली और शगुन ने मखना पर नृत्य करके एक खूबसूरत समा बाँध दिया। इसी कड़ी में कक्षा 7 से शुभी सिंह ने मैंने पायल जो छनकाई पर, अरीशा और प्रज्ञा ने अपसरा आली पर, नृत्य की पाली में भाग लिया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया प्रधानाचार्य श्री बी के सोनी ने छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी आवश्यक बताया। मैनेजर एच. आर एफ जीनत ने आज के दौर में परिवार के महत्व को बताते हुए छुट्टियाँ परिवार के साथ बिताने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने सभी छात्र छात्राओं को गर्मी की छुट्टियों में अपने स्वास्थ्य का ध्यान देने पर जोर दिया और कहा छुट्टियों में भी सुबह शाम पढ़ाई के लिये समय अवश्य निकालें।




मदर्स एवं परिवार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व अभिभावकगण।

## ज्ञानार्जन व कठिन परिश्रम से हासिल होती है सफलता की प्रेरणास्पद मंजिल: प्रकाशचंद्र

*पं. नागेशदा पब्लिक स्कूल के टॉपर को समारोहपूर्वक किया गया सम्मानित*

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के अझारा स्थित भागवत दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में बुधवार को पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के हाईस्कूल में प्रयागराज मण्डल के टॉपर श्रेयांश गिरि को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया।

मेधावी के सारस्वत सम्मान पर कार्यक्रम मे मौजूद छात्र छात्राओं के चेहरे भी खिल उठे दिखे। पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुनीता मिश्रा, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र व एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा तथा प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने मेधावी श्रेयांश को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र प्रदान किया। श्रेयांश ने हाईस्कूल परीक्षा मे निन्यान्वें प्रतिशत अंक हासिल कर पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल का नाम पूरे प्रयागराज परिक्षेत्र मे रोशन किया है। वहीं विद्यालय के मेधावी मनीष शुक्ला तथा निखिल प्रताप सिंह के जेईई व छात्रा आकांक्षा शुक्ला के इण्टरमीडिएट की परीक्षा मे सर्वाधिक अंक मिलने पर भी कार्यक्रम में प्रसन्नता का माहौल दिखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र ने छात्र छात्राओं से कहा कि वह पूरे मनोयोग से ज्ञानार्जन के क्षेत्र में कठिन परिश्रम कर सफलता का प्रेरणास्पद मुकाम हासिल करे। विशिष्ट अतिथि रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भारतीय मेधाओं की सफलता का बखान किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी मेधावियों की हौसला आफजाई की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भागवत दत्त समग्र विकास समिति की अध्यक्ष प्रभा मिश्रा व संचालन शिक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने किया। प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने स्कूल की शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर हिमांशु शुक्ला, राजकुमार यादव, धीरेन्द्र शुक्ल, श्रुति मिश्रा, कमलेश विश्वकर्मा आदि रहे।



मेधावियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

## राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रतिभाग करने पर हुआ विचार-विमर्श

**प्रतापगढ़।** भारतीय इतिहास संकलन समिति काशी प्रान्त की प्रतापगढ़ जनपद की इकाई की बैठक मंगलवार को काशी प्रान्त के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 पीयूष कांत शर्मा के संयोजन एवं संरक्षकत्व में भगवान निकेतन, पूरे नरसिंहभान, प्रतापगढ़ में आयोजित हुई। इस बैठक में समिति के सांगठनिक आयामों वरिष्ठ इतिहासकार परिषद, महिला इतिहासकार परिषद एवं युवा इतिहासकार परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रतिभाग करने पर विचार विमर्श किया गया।

## नगरपालिका की जीत में कार्यकताओं एवं जनता का योगदान अहम: हरिप्रताप

**मीरा भवन के सम्मान समारोह में बोले नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के मीरा भवन चौराहे पर नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह तथा क्षेत्रीय वार्डों के सभासदों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें सगरा के सभासद विनोद रजक, दक्षिणी दहिलामऊ के सभासद तुषारकांत मिश्र, पूरे ईष्वरनाथ के सभासद सुनील दुबे तथा दहिलामऊ के सभासद अमृत लाल को सम्मानित किया गया।

क्षेत्रीय कार्यकर्ता रमेष सिंह द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित हरिप्रताप सिंह ने कहा कि आप सबके सहयोग से शहर में फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसमें कार्यकताओं की मेहनत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आप सभी के सहयोग से ही विगत वर्षों में शहर का विकास हुआ है और अब विस्तारित क्षेत्रों में बहुत काम करना बाकी है। आप सबके सहयोग से विस्तारित क्षेत्रों में समुचित विकास किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुष्पांजलि ग्रामोद्योग के मालिक चंद्र प्रकाष शुक्ला व संचालन राजीव सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता गोकुल प्रसाद श्रीवास्तव के अलावा अनेक क्षेत्रीय लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा सभासदों का सम्मान करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।




सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हरिप्रताप सिंह।

## डिग्री कालेज कालाकांकर मे एनसीसी केयर टेकर की हुई नियुक्ति

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पी0 जी0 कालेज कालाकांकर मे कार्यरत सहयोगी एन०सी0 सी० अधिकारी ले0 डा0 शिव भूषण गुप्ता ए0 सी०एन0 ओ० 16 दिसंबर 22 से सेवानिवृत हो गये जिससे उक्त पद खाली हो गया। एन 0 सी0 सी० निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उक्त एन0 सी0 सी0 सहयोगी अधिकारी के रिक्त पद पर डा0 ज्योति गुप्ता असिस्टेंट प्रोफेसर को केयर टेकर के पद पर नियुक्त किया गया जिनका कार्यकाल उक्त तिथि से एक वर्ष के लिये 15 दिसंबर 23 तक किया गया है। इस मौके पर डा0 घनश्याम यादव मैनेजर, अब्दुल रज्जाक, मो0 अफसार अहमद, भूपेश सिंह,विजय कुमार, इन्दुरेखा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



डा0 ज्योति गुप्ता को नियुक्ति पत्र देते प्राचार्य।

## एसपी की फटकार पर चार के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट की घटना में एसपी की फटकार पर मंगलवार की रात चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के सराय जगत सिंह निवासी रामेन्द्र बहादुर सिंह के पुत्र सुरेश बहादुर सिंह ने एसपी को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बाइस अप्रैल को सुबह लगभग साढे सात बजे जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी उसके दरवाजे पर चढ़ आये। विपक्षी गांव के सुरेन्द्र मौर्य के पुत्र विकास तथा राजेन्द्र के पुत्र राहुल व रामकिशुन मौर्य के पुत्र संदीप एवं रामपियारे मौर्य के पुत्र धर्मेन्द्र ने आबादी की जमीन पर जबरन घूर लगाने लगे। विरोध करने पर आरोपी लाठी डण्डे से लैस होकर उसके दरवाजे आ गये। आरोपियो द्वारा पीडित को गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी गयी। पीडित जब जान बचाने के लिए घर घुस गया तो आरोपियो ने घर के अंदर भी पहुंचकर मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामानों मे भी तोडफोड किया। शोरशराबा पर आसपास के लोग बीचबचाव को जुटे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी किन्तु जांच के नाम पर केस नही दर्ज किया गया। इस पर पीडित ने एसपी से मिलकर आपबीती सुनाई। एसपी की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को धर्मेन्द्र समेत चार के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट, तोडफोड व धमकी समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## निर्माण कार्य कर रही महिला को पड़ोसियों ने घर में घुसकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन पर निर्माण कर रही एक महिला को पड़ोसी आरोपियों ने जमकर मारा पीटा। पीड़ित महिला की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भरोखन गांव की रहने वाली किरण पत्नी चंदशेखर ने आरोप लगाया कि बीते 14 मई को वह अपने घर के समीप अपनी जमीन पर निर्माण कर रही थी उनके पड़ोसी जबरन रोकने लगे विरोध करने पर तीनों आरोपी घर में घुसकर मारपीट करते हो गाली गलौज किया जिससे उसे काफी गंभीर चोट आई पीड़ित महिला की तहरीर पर 3 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मारपीट गाली-गलौज जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है।

## शिक्षक दंपति के घर दिनदहाड़े लाखों की चोरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रुपापुर गांव में षिक्षक दम्पत्ति के घर दिनदहाडे. चोरों ने लाखों की चोरी की। चोर चैनल का लॉक तोड़कर लाखो के जेवरात लेकर भाग निकले। जेवरात में सोने की 3 जंजीर, 3 झुमके, 4 अंगूठी व चांदी के पायल गायब थे। पति पत्नी प्राइमरी विद्यालय में पढ़ाने गए थे। इस दौरान चोरों ने सीसीटीवी कैमरा तोड़ा और उसका डीवीआर भी उठा ले गये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पंचायत भवन के कमरे का ताला तोड़कर उपकरण चोरी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बिजलीपुर बंगड़वा पंचायत भवन में मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरो ने कमरे का ताला तोड़कर लगभग 70-80 हजार रुपये के सरकारी उपकरण चुरा ले गये बुधवार की सुबह जब गांव के लोग शौच के लिए निकले तो पंचायत भवन के कमरे के दरवाजे को खुला देख हड़कंप मच गया घटना की जानकारी ग्राम प्रधान सरला यादव को दी गई मामला ग्राम पंचायत के सरकारी उपकरण के चोरी का होने के कारण ग्राम प्रधान ने फोन द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी सुशील कुमार जायसवाल को घटना से अवगत कराया मौके पर पहुँचे ग्राम पंचायत अधिकारी ने चोरी गये उपकरण डेस्क टाप, यू पी एस, की वोर्ड माऊस, प्रिंटर मशीन, बैटरी, इन्वर्टर, सीसीटीवी कैमरा पुरा सेट,की सूची बनाकर संग्रामगढ़ पुलिस को दिया जिसमे चोरी गये इलेक्ट्रानिक उपकरण की कीमत लगभग 70-80 हजार रुपया बताया। पुलिस जाँच मे जुटी हुई है।

## पशु पक्षियों को भीषण गर्म से बचाने के लिए क्लब बटेगा मिट्टी के बर्तन

अखंड भारत संदेश

**क्लब ने जिलाधिकारी से पशु पक्षियों के संरक्षण की उठाई मांग**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ की बैठक क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में इस भीषण गर्मी से पशु पक्षियों को बचाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। क्लब गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मिट्टी के बर्तन बाँटकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कराने का प्रयास करेगा। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि क्लब गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी से पशु पक्षियों को काल कवलित होने से बचाने के लिए मिट्टी के छोटे-छोटे पात्र बांटकर जनमानस से अपील करेगा कि सभी लोग अपने अपने घरों की छतों पर और घर के बाहर पशु पक्षियों के लिए चारे और पानी की व्यवस्था करने की कृपा करें। रोशनलाल उमरवैश्य ने जिलाधिकारी को भी पत्र देकर अनुरोध किया है कि महोदय जी अपने स्तर से भी जिले के सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों, विद्यालयों आदि में भी पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था कराने का आदेश देने की कृपा करें। जिससे इस भीषण गर्मी से इन बेजुबान पशु पक्षियों को काल कवलित होने से बचाया जा सके। अभियान में सहयोग करने वाले डॉ दयाराम मौर्य, संतोष कुमार, छेदीलाल, विवेक कुमार, देवानंद, राजीव कुमार आर्य, राजू महुली, आदर्श कुमार,शिवेश शुक्ला, सूरज उमरवैश्य, रेखा उमरवैश्य, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, ज्योति खंडेलवाल, मेघा खंडेलवाल आदि को जिम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### छात्रा को लेकर युवक फरार

**कौशांबी।** पश्चिम सरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक छात्रा को लेकर युवक फरार हो गया है बताया जा रहा है कि छात्रा सोमवार के दिन घर से डीएस इंटर कॉलेज जमदुआ पढ़ने के लिए गई थी छात्रा लौट कर घर वापस नहीं आई तो परिजनों को चिंता हुई परिजनों ने छात्रा की खोजबीन की किंतु कहीं छात्रा का पता नहीं चल सका काफी खोजबीन करने के बाद जासूसी से पता चला कि मोहल्ले का ही राशिद पुत्र सलामत छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है परिजनों ने पश्चिम शरीरा थाना में आरोपी के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर पश्चिम सरीरा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है

### निरोधात्मक कार्यवाही में 15 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप मे थाना मंझनपुर से एक थाना करारी से एक थाना पश्चिम शरीरा से दो कौशाम्बी से एक थाना सराय अकिल से 02, थाना चरवा से एक थाना संदीपनघाट से चार थाना कडाधान से तीन कुल 15 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# विद्युत शॉर्ट-सर्किट से घर में लगी आग, 4 पशु समेत घर का सामान जलकर खाक

**विद्युत विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही आम जनता के लिए बन गयी कहर,अग्निकांड से गरीब के घर आई तबाही के बाद किसी नेता अधिकारी ने मदद को नहीं बढ़ाया हाथ**



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के कूडापुर गांव पोस्ट सैयद सरावा में मंगलवार की रात बिजली की शॉर्ट सर्किट होने से एक गरीब के छप्पर के घर में आग लग गई। ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाते, तब तक घर का सारा सामान जल राख हो गया था।इसी घर में किसान के 4 पशु तड़प तड़प कर जिंदा जल गए। जानकारी के मुताबिक मूरतगंज विकास खंड के कूडापुर गांव निवासी राम सुमेर पुत्र राम प्रसाद मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है, मंगलवार रात वह खाना खाकर परिजनों के साथ दूसरे मकान में सो रहा था। इसी दौरान रात में विधुत शॉर्ट-सर्किट से उसके मकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने बिकराल रूप ले लिया आग की तेज लपटों को देख कर पास पड़ोस में रहने वाले लोग शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक ग्रामीण आग को बुझा पाते उसके घर का सारा सामान जल गया इस अग्निकांड में 4 बकरिया तड़प तड़प कर जिंदा जल गई, शंकर लाल के अनुसार आग से गेहूं, धान,नकदी कपड़ा बिस्तर बर्तन,4 बकरिया समेत लाखो रुपए गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया एक बार फिर बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही है घर में आग लग जाने से परिवार में तबाही का आलम आ गया है लेकिन अभी तक किसी नेता और अधिकारी ने इस गरीब के परिवार की मदद को हाथ नहीं बढ़ाया है।

### किसान के घर लगी भीषण आग



**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 6 कृष्णा नगर निवासी किसान ज्ञान सिंह पुत्र प्रताप सिंह के घर बुधवार सुबह 7 बजे दूध गढ़वा की चिंगारी से आग लग गयी जिसमे किसान का गृहस्थी का सामान सहित गेहूं से भरी बोरियां उपले भूसा जलकर खाक हो गया ज्ञान सिंह ने बताया कि सुबह वह दूसरे कमरे में खाना खा रहा था अचानक गृहस्थी वाले कमरे में आग लग गयी ज्ञान सिंह के परिजनों ने शोर मचाया तो पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत कर कमरे की छत खोदकर जल रही भीषण आग पर घण्टो बाद काबू पा लिया पड़ोसियों और परिजनों के अथक प्रयास से किसान का ज्यादा नुकसान नही हुआ ,कुछ देर पश्चात नगर पंचायत अझुवा का पानी टैंकर भी पहुंच गया आग बुझने से पड़ोसियों, परिजनों ने राहत की सांस ली है।

### दावत खाने गए युवक की बाइक उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना के टेढ़ी मोड़ सहजादपुर चौकी अंतर्गत केशवापुर में गाड़ी खड़ी कर दावत खाने गए युवक की बाइक को चोर उठा ले गए है मामले की सूचना पुलिस को दी गयी है जानकारी के मुताबिक सुभाषचंद्र पटेल पुत्र बनवारीलाल पटेल निवासी धरमुहापुर मजरा सेलरहा पूरब कोतवाली मंझनपुर बाइक नम्बर यूपी 73 यू 2753 को लाक करके घर के बाहर खड़ी कर के दावत खाने लगे और शाम में लगभग साढ़े सात बजे जब देखा तो मौके से बाइक गायब हो गयी उन्होंने आस पास पता किया लेकिन बाइक के बारे में कोई पता नहीं चला जिस पर उनके होश उड़ गए बाइक चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी सहजादपुर में दिया गया है।

### पेड़ से गिरकर किसान की हुई मौत

कौशाम्बी चरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव में आम तोड़ रहे किसान साधव उम्र 35 वर्ष पुत्र भैरव प्रसाद निवासी फरीदपुर सुलेम की पेड़ से गिरकर मौत हो गयी है मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है।

### तेरहवीं खाने गए कोटेदार की लात जूतों से पिटाई

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के मलाक नागर गांव निवासी शिवसागर सिंह पुत्र फूलचंद सिंह गांव के कोटेदार हैं रविवार के दिन कोटेदार गांव के ही कल्लू सिंह पटेल की मां की तेरहवीं में खाना खाने गए थे तभी वहां पर गांव के ही नथन सिंह पटेल ,रवि सिंह व धारा सिंह पुत्र गण स्वर्गीय जुगराज सिंह पहले से ही कार्यक्रम में मौजूद थे तभी आरोपियों ने कोटेदार से राशन लेने की पुरानी खुन्नस के कारण कहासुनी होने लगी बात इतनी बढ़ गई कि आरोपी कोटेदार को गाली गलौज करने लगे कोटेदार ने गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने कोटेदार को लपक कर पकड़ लिया और जमीन पर गिरा कर लात घूसों से पिटाई करने लगे आरोपी कोटेदार को पीटते रहे और कोटेदार चिल्लाते रहे धारा सिंह ने लोहे की रॉड से कोटेदार के सिर पर प्रहार कर दिया जिससे कोटेदार का सर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए तेरहवीं संस्कार में मौजूद लोगों ने किसी तरह से बीच-बचाव कर कोटेदार की जान बचाई आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए सूचना परिजनों को दी गई कोटेदार के परिजन मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस 108 को फोन किया घायल कोटेदार को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है भुक्तभोगी ने चरवा थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर चरवा पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# डीएम एसपी के निरीक्षण में अवैध खनन की पुष्टि होने के बाद खनन अधिकारी पर खड़े हुए सवाल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले के यमुना नदी के बिभिन्न बालू घाट से बालू का अवैध खनन का रिश्ता कई दशक पुराना है बालू माफिया बेखौफ तरीके से कानून नियम की धज्जियां उड़ा कर पूरे वर्ष बालू का खनन करते हैं एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ा कर यमुना का सीना चीर कर बालू का अवैध खनन होता है दूसरे स्टेट के बालू माफियाओ ने जनपद मे डेरा डाला है गाय ब्रांच सराय बालू माफियाओं ने स्थानीय लोगों के संरक्षण में बालू के अवैध खनन का खेल बेखौफ तरीके से शुरू कर दिया है बालू के अवैध खनन में यमुना का तराई इलाका कई बार खून से लाल हो चुका है यमुना नदी में बाढ़ आने के बाद कुछ महीने के लिए बालू का खनन रोक दिया जाता है लेकिन बाढ़ आने के पूर्व इतनी अधिक बालू डंप कर ली जाती है कि बरसात के 4 महीने डंप की बालू की बेखौफ बिक्री होती है वाहनों में ओवरलोड बालू भरकर पूरे दिन और रात सड़कों पर वाहन फराटा भरते देखे जाते हैं यह सिलसिला बीते कई दशक से बेखौफ तरीके से चल रहा है प्रशासन के साथ मिलकर बालू माफिया लुकाछिपी का खेल खेलते हैं देखते-देखते बालू माफिया अकूत संपत्ति के मालिक हो गए हैं लेकिन बालू माफियाओं के द्वारा अर्जित की

**राजनीति अखाड़ा की तरह खनन कार्यालय में पूरे दिन लगा रहता है संदिग्ध लोगों का जमावड़ा, बालू माफियाओं के साथ खनन अधिकारियों ने भी कुछ वर्षों में अर्जित की बेनामी अकूत संपत्ति की जांच किए जाने की मांग**



गई अकूत संपत्ति की जांच भी अभी तक अधिकारियों ने नहीं कराई है अवैध खनन में लिप्त कई बालू माफियाओं के चेहरे बेनकाब हो चुके हैं गुप्तचर एजेंसी ने भी शासन-प्रशासन को बालू माफियाओं के अवैध खनन की रिपोर्ट भेजी थी लेकिन कार्यवाही के नाम पर नतीजा शून्य रहा यमुना नदी के विभिन्न बालू घाटों से अवैध खनन की शिकायत बीते दिनों डीएम एसपी से हुई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम एसपी बालू घाट पहुंचे जहां अवैध खनन की शिकायत सही मिली मौके पर अवैध बालू खनन हो रहा था अवैध बालू खनन पाए जाने पर डीएम एसपी ने बालू माफियाओं पर कार्रवाई का निर्देश दिया सवाल उठता है कि अवैध खनन रोकने का जिम्मा खनन अधिकारी को मिला है लेकिन वह एसी रूम में बैठकर पूरे दिन गप्पे लड़ाते हैं खनन कार्यालय में माफियाओं का जमघट लगा रहता है संदिग्ध लोगों का खनन कार्यालय में पूरे दिन आना जाना लगा रहता है इस बात की पुष्टि सीसीटीवी कैमरा करता है लेकिन उसके बाद भी कार्यालय का जमावड़ा खत्म नहीं हो रहा है यमुना नदी के बालू घाट से अवैध खनन पर डीएम एसपी के छापामार कार्रवाई के बाद अवैध खनन पकड़े जाने पर खनन अधिकारी पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं आखिरी खनन अधिकारी की संलिप्तता नहीं थी तो डीएम एसपी के पहुंचने के पूर्व खनन अधिकारी ने बालू के अवैध खनन पर कार्रवाई क्यों नहीं की पूरे दिन कार्यालय में संदिग्ध लोगों का जमावड़ा आखिर खनन अधिकारी क्यों लगाए रहते हैं क्या खनन अधिकारी का कार्यालय राजनीति का अखाड़ा हो गया है जिससे पूरे दिन संदिग्ध लोगों का आना जाना लगा रहता है इन तमाम सवालों का जवाब देने को खनन अधिकारी तैयार नहीं है अवैध खनन रोक पाने में असफल खनन अधिकारी पर निलंबन की कार्यवाही किए जाने की मांग लोगों ने शासन प्रशासन से की है।

# मायके से बुलाकर विवाहिता की पति ने दोस्तों के साथ मिल कर की हत्या




अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर की मन्ता देवी पुत्री पंचम पासी की शादी सराय अकिल थाना क्षेत्र के चौपुरवा रॉक्सराई निवासी सतीपाल पुत्र श्री नाथ के साथ हुई थी लेकिन पति का दूसरी महिला से अवैध संबंधों के चलते मन्ता देवी से आए दिन विवाद होता था जिस पर मन्ता अपने मायके करारी आ गई 16 मई को पति अपने दोस्तों के साथ करारी पहुंचा और मन्ता देवी को बुलाकर ले गया बदलेपुर के नहर के पास रास्ते में मन्ता देवी की हत्या कर दी गई है मामले की जानकारी मिलते ही मन्ता देवी की मां इतवारी ने करारी पुलिस को सूचना दी है पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एसपी ने किया सैनिक सम्मेलन की गोष्ठी

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी की गयी,जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गए तदुपरान्त जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत सम्मन, वारण्ट व अन्य प्रपत्रों के समयबद्ध तामिला व जनशिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देश दिए गए एवं शासन तथा पुलिस महानिदेशक द्वारा 16 व 17 मई 2023 से चलाए जाने वाले 09 अभियानों 1 साम्प्रदायिकता फैलाने वाले विद्वेषकारी / असामाजिक तत्वों, राष्ट्रविरोधी तत्वों के विरूद्ध विशेष अभियान अवैध रूप से स्थापित लाउडस्पीकर तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों मानक के विरूद्ध ध्वनि प्रसारित करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में गोवंश बध, दुधारू पशुओं एवं गोवंश के अनाधिकृत परिवहन (तस्करी की घटनाओं को रोकने के सम्बन्ध में सार्वजनिक स्थलों पर धार्मिक प्रकृति के अनाधिकृत निर्माण/अतिक्रमण हटाये जाने के सम्बन्ध में अभियान जनपद में कानून व्यवस्था के दृष्टिगत यूपी 112 की पीआरवी के पुनर्व्यवस्थापन के सम्बन्ध में कार्ययोजना सड़क दुर्घटना यातायात के सम्बन्ध में अवैध खनन परिवहन के सम्बन्ध में विगत में घटित अपराधों यथा डकैती, लूट, नकबजनी, पेशेवर हत्यारों व फिरौती हेतु अपहरण में संलिप्त पाये गये अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही का अभियान अवैध टैक्सी स्टैण्ड बस स्टैण्ड/रिक्शा स्टैण्ड अवैध वाहनों के संचालन तथा अवैध वसूली एवं सड़कों पर अवैध अतिक्रमण वालों के विरूद्ध अभियान के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई एवं उनसे सम्बन्धित प्रपत्रों को पढ़कर सभी को अवगत कराते हुए कार्यवाही हेतु कड़े निर्देश दिए गए । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, अउऋ, खऊ अभियोजन के अन्य अधिकारी,जेल अधीक्षक कौशाम्बी आरटीओ, जिला आबकारी अधिकारी ,खनन व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी व जनपद के गोष्ठी से सम्बन्धित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# मंझनपुर पुलिस कार्यालय के पास फिर शुरू हुआ सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में चारों ओर सरकारी जमीनों पर हो रहे कब्जे पर तहसील प्रशासन नहीं रोक लगा पा रहा है मंझनपुर कोतवाली के ठीक सामने सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से भवन निर्माण हो चुका है जिलाधिकारी ने भी अवैध निर्माण रोकने का निर्देश दिया था लेकिन डीएम के निर्देश के बाद भी मंझनपुर तहसील प्रशासन ने कोतवाली के सामने अवैध निर्माण पर रोक नहीं लगाई है अब इन दिनों पुलिस कार्यालय के बगल में नलकूप विभाग की सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा शुरू है दो दशक पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बगल की सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से

**इसके पहले भी कई बार हो चुका है नलकूप बिभाग की सरकारी जमीन पर कब्जे का प्रयास, 4 दिन से बेखौफ तरीके से सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने के लिए नही पहुँचे तहसील और नलकूप विभाग के अधिकारी**



माफियाओं ने निर्माण शुरू किया था तत्कालीन जिलाधिकारी के संज्ञान में मामला आया उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया और सरकारी जमीन पर कब्जे को डीएम के निर्देश पर रोक दिया गया था दो दशक से अर्ध निर्मित भवन खड़ा था 2 वर्षों पूर्व भी पुलिस कार्यालय के बाहर नलकूप बिभाग की जमीन पर निर्माण का प्रयास माफियाओं ने शुरू किया था उस समय भी अवैध निर्माण पर रोक लगा दी गई है। बताया जाता है कि यह जमीन नलकूप विभाग की है जिस पर माफियाओं की नजर लगी है 4 दिनों से फिर माफियाओं ने सरकारी जमीन पर आधा दर्जन मजदूरों को लगाकर दिनदहाड़े सरकारी जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया है जनपद मुख्यालय में पूरे दिन बेखौफ तरीके से सरकारी जमीन पर कब्जे हो रहे हैं जनपद मुख्यालय की सरकारी जमीन मे कब्जा किए जाने के मामले में 3 दिन बाद भी तहसील प्रशासन मौके पर नहीं पहुंचा है नलकूप विभाग के अधिकारी भी अपने विभाग की जमीन बचाने मौके पर नहीं पहुंचे हैं जिससे तहसील प्रशासन और नलकूप विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है आखिर जब जनपद मुख्यालय में सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं रह गई है तो तहसील और जिले से दूर ग्रामीण इलाकों में सरकारी जमीनों की सुरक्षा तहसील प्रशासन और विभागीय अधिकारी कैसे करते होंगे यह बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं नगर के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बगल में नलकूप विभाग के सरकारी जमीन पर हो रहे निर्माण की जांच करा कर निर्माण कार्य रोकने के साथ-साथ निर्माण में लगे लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अभियुक्त नहीं हुआ गिरफ्तार

**गिरफ्तारी वारंट और मुनादी करने का अदालत ने पुलिस को दिया आदेश**

**कौशांबी।** मोहम्मदपुर पैसा थाना क्षेत्र के रामसहाई पुर गांव निवासी करुणेश पांडे पुत्र देव मुनि पांडे के विरुद्ध स्थानीय थाना पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 42 / 23 धारा 147 ,148, 149, 323, 336, 307 आईपीसी व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक द्वारा की जा रही थी इस विवेचना के दौरान अभियुक्त करुणेश पांडे पुत्र देव मुनि पांडे के विरुद्ध 233 2000 को एनबीडब्ल्यू न्यायालय द्वारा निर्गत किया गया था एनबीडब्ल्यू प्राप्त होने के बाद भी अभियुक्त पांडे गिरफ्तार नहीं हो सका जिसके बाद दिनांक 5 /4/2023 को अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी का आदेश न्यायालय से प्राप्त कर दिनांक 6 /4/ 23 को अभियुक्त के घर पर चस्पा कर गांव में मुनादी करवा दी गई है किंतु अभी तक अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हो सका है।

## न्यूज झरोखा

### निर्माण में घटिया सीमेंट के प्रयोग से छत में आई दरार



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र में इन दिनों घटिया सीमेंट की बिक्री तेजी से की जा रही है जिससे भवन निर्माण करने वाले लोगों को घटिया सीमेंट का प्रयोग करना पड़ रहा है विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के डुप्लीकेट सीमेंट इलाके में दुकानदारों द्वारा खुलेआम बेचा जा रहा है कंपनी से लेकर अधिकारी तक दुकानदार पर कार्रवाई करते नहीं दिख रहे हैं। कोखराज क्षेत्र की मेनका देवी पत्नी राकेश कुमार ने इलाके के राजू ट्रेडर्स के मालिक जय करन सिंह यादव की दुकान से 29 अप्रैल को 180 बोरी सीमेंट खरीदा दुकानदार ने उन्हें अल्ट्राटेक सीमेंट बताकर सीमेंट दे दिया लेकिन जब उन्होंने इस सीमेंट से छत का निर्माण किया तो पूरी तरह से छत में दरार आ गई है छत में दरार आ जाने के बाद मकान बना रही मेनका देवी और उनके पति के होश उड़ गए मामले की शिकायत उन्होंने स्थानीय थाना पुलिस से की है न्याय न मिलने पर पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है पीड़ित मेनका का कहना है कि घटिया क्वालिटी के सीमेंट दे देने से उनके मकान में दरार आ जाने से लाखों का नुकसान हुआ है उनके नुकसान की भरपाई घटिया सीमेंट बेचने वाले दुकानदार से कराई जाए इस संबंध में दुकानदार और अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद बात नहीं हो सकी है

### महेवाघाट थाना का डीएम एसपी ने किया औचक निरीक्षण




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना महेवाघाट का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने थाना कार्यालय सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, मालखाना , अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया और मातहतो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं बैरकों और थाना परिसर के अन्य भवनों का भी निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीएम एसपी ने कहा कि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए थाना पहुंचने वाले फरियादियों की सुनवाई करते हुए उन्हें त्वरित गुणवत्तापूर्ण न्याय दिया जाए

### पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनी जनसुनवाई



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो, साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

### 90 हजार कीमत की भैंस खोल ले गए पिकअप सवार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बहादुर का पूरा गांव में बीती रात पिकअप सवार बदमाश घर के दरवाजे पर बंधे 90 हजार कीमत की भैंस खोल ले गए हैं मामले की जानकारी परिजनों को सुबह हुई तो पुलिस को सूचना दी गई है खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस को रत्ती भर सुराग रस्सी नहीं लग सकी है जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बहादुर का पूरा निवासी सन्तोष कुमार पुत्र राधेश्याम पासी की बेसकीमती भैंस रोजाना की तरह दरवाजे के सामने बंधी थी! बीती रात अज्ञात चोर भैंस को पिकप में लाद कर भाग गए हैं सुबह देखा तो भैंस दरवाजे पर नहीं थी खोज बीन के दौरान देखा गया कुछ दूरी पर भैंस को पिकप में लादते हुए का निशान पाया गया है भैंस की कीमत तकरीबन 90 हजार बताई गई है! जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित ने स्थानीय थाना चरवा में दिया है

### घर के बाहर खड़ी बाइक उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के सिराथू चौकी अंतर्गत टाकीज रोज कोल्ड स्टोर के पास खड़ी एक बाइक को चोर उठा ले गए है मामले की सूचना पुलिस को दी गयी है। जानकारी के मुताबिक प्रदीप कुमार पुत्र बहादुर लाल निवासी अफ्जलपुर वारी सिराथू कोतवाली सैनी रोज की तरह अपनी बाइक नम्बर यूपी 73 यू 7807 को लाक करके घर के बाहर खड़ी कर के सो गए और रात में 12 बजे देखा तो बाइक खड़ी थी लेकिन जब सुबह देखा तो मौके से बाइक गायब हो गयी उन्होंने आस पास पता किया लेकिन बाइक के बारे में कोई पता नहीं चला जिस पर उनके होश उड़ गए बाइक चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस चौकी सिराथू में दिया गया है

### पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने किया चोरी

**कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के जुवरा ग्राम सभा के पंचायत भवन में 2 हफ्ते पहले अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर पंचायत भवन में रखा सारा सामान उठा ले गए प्रियंका देवी ग्राम पंचायत अधिकारी ने मौके पर गई तो पंचायत भवन का ताला टूटा मिला पंचायत भवन के अंदर घुस कर देखा तो कमरों का ताला तोड़कर चोरों ने एक बैटरा ,एक यूपीएस, सीसीटीवी की ५ि-१ व कैमरा और सेफ लाक , फाइलें और रजिस्टर अज्ञात चोरों ने उठा ले गए हैं ग्राम पंचायत अधिकारी प्रियंका देवी ने मंझनपुर थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध लिखित तहरीर दी लिखित तहरीर पाकर मंझनपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है

### घर में घुसकर दबंगों ने पूरे परिवार को पीटा, एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी** सोनवारा गांव में घर में घुसकर मासूम सहित पूरे कुनबे को लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की। जिसमें महिला सहित तीन लोग घायल हो गए।सोनवारा गांव के निगम त्रिपाठी के मुताबिक गांव के ही हरी मोहन के परिवार से उनका जमीनी विवाद चल रहा है उसी को लेकर सोमवार को गांव के 25.30 दबंगों ने हमला बोल दिया और घर में घुसकर पत्नी व भाई वा उनके छोटे बच्चो सहित सभी लोगों को लाठी-डंडों कुलाड़ी से पिटाई की शोरगुल की आवाज सुन पड़ोसी जब तक इकट्ठा होते हमलावर जान से गोली मारने की धमकी देते हुए बोले कोई गांव का व्यक्ति बोला तो उसका भी यही हाल करेंगे बोल कर फरार हो गए। जिसमें निगम त्रिपाठी व उसकी पत्नी ईशा देवी भतीजे आनंद देव 13 वर्ष को घायल कर गए। आरोप है कि जब इसकी शिकायत पुलिस चौकी में की गई तो पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उन्हीं का चालान कर दिया तब उप निरीक्षक कौशाम्बी के समक्ष मेडिकल फोटो ग्राफी वीडियो को देखते हुए सक्त कारवाही करने का निर्देश दिया पीड़ित ने पूरे मामले की एसपी से शिकायत किया है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त सरजीत सोनकर पुत्र चेतलाल सोनकर निवासी बलीपुर नारा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त सरजीत पुत्र स्व0 भाईलाल निवासी हरिहरा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### हाईस्कूल की छात्रा गायब

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा सोमवार के दिन कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज भरवारी पढ़ने के लिए गए थी कक्षा 10 की यह छात्रा रोजाना की भांति अपने घर से स्कूल पढ़ने के लिए गई किंतु शाम तक घर लौट कर छात्रा वापस नहीं आई तो परिजनों को चिंता हुई परिजनों ने छात्रा की खोज बीन शुरू की लेकिन छात्रा का कहीं पता नहीं चला। छात्रा की मां ने कोखराज थाने में छात्रा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने छात्रा के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

संपादकीय

# कृत्रिम बदलाव की सीमा

**अरविन्द मोहन**

**आज** सिर्फ मन की बात के सहारे नाम जिंदा रखने वाली संस्था का नया नाम कितना मतलब साबित करेगा यह सवाल जरूर उठाया जाना चाहिए। जगहों, सड़कों, भवनों और स्टेडियमों के नाम बदलने पर तो कुछ सवाल भी उठे हैं। सेना की भर्ती योजना बदलने पर सवाल उठे लेकिन फौजी धुन, वर्दी के डिजाइन, विमान के संकेत चिह्न वगैरह के बदलाव पर तो ऐसे सवाल भी नहीं उठते। तीन मई से आकाशवाणी का सितारा बुलंदी पर होना चाहिए था। दो हफ्ता बीतने के बाद भी ऐसा दिखाई-सुनाई नहीं पड़ता। इस बीच अगर आकाशवाणी की कोई चर्चा हुई भी तो प्रधानमंत्री के प्रसारण 'मन की बात' के सौवें एपिसोड के प्रसारण और उसके प्रचार में सरकार, उसकी संस्थाओं और भाजपा द्वारा पूरा जोर लगाने की। और जिस बात के चलते हमने लेख की शुरूआत की वह आपको भी बिना बताए याद नहीं आनी है। कायदे से तो आपको यह खबर होनी ही चाहिए थी कि 3 मई से आल इंडिया रेडियो के सारे प्रसारण 'आकाशवाणी' नाम से ही शुरू हो चुके हैं और अंग्रेजी हुकूमत का दिया यह नाम अब इतिहास की चीज है। अगर प्रधानमंत्री ने मन की बात को इन नामांतरण या इस तरह के अन्य प्रतीकात्मक बदलावों की तरफ मोड़ा होता तब भी उनकी बातों का ज्यादा महत्व रहता या वह हमें याद रहता। हमने देखा है कि फौजी परेड की धुनों, सेना और की पुलिस वालों की वर्दियों से टंगा-जुड़ा गुलामी का प्रतीक, हमारे यात्री विमानों से भी अब तक जुड़ा ब्रिटिश हुकूमत वाला चिन्ह जैसी अनेक चीजें इस सरकार ने बड़े जोर-शोर से बदली हैं। इनमें से कई के बारे में मुल्क भूल भी गया था कि यह गुलामी से जुड़ा प्रतीक है या अब इसका आम तौर पर कोई मतलब नहीं है। हमने जान-बूझकर इसमें जगहों, सड़कों और स्टेडियम वगैरह जैसी बड़ी संरचनाओं के नाम में हुए बदलाव का सवाल नहीं उठाया क्योंकि उसमें गुलामी या सहजीवन वाला मसाला ब्रिटिश हुकूमत से भी पहले पहुंचकर एक सांप्रदायिक रंग भी ले लेता है। आकाशवाणी को भी कई लोग ज्यादा संस्कृतनिष्ठ और भगवाकरण की मुहिम से जोड़कर देख सकते हैं। पर यह बताना जरूरी है कि यह नाम एम.वी. गोपालस्वामी ने 1936 में दिया था लेकिन अंग्रेजी समेत दूसरी भाषाओं का प्रसारण आल इंडिया रेडियो के नाम से ही हो रहा था और आम श्रोता उसका अभ्यस्त बन गया था। अब आकाशवाणी वाला नाम ही उसके मन में बैठने में समय लगेगा। और सच कहें तो जब तक भाजपा सरकार यह कार्रवाई करे या फैसला ले तब तक आम जन ही रेडियो सुनना लगभग बंद कर चुका है। अगर सुनने का कुछ बचा है तो वह एफएम रेडियो है जो मुख्य रूप से फिल्मी प्रचार संगीत और तरह-तरह की जुमलेबाजी और चुटकुलेबाजी का प्रसारण ही करता है। गंभीर चर्चा, नवीनतम खबर और स्तरीय मनोरंजन के कार्यक्रम अब आकाशवाणी से विदा हो चुके हैं। रेडियो का हमारे जीवन में वह स्थान नहीं रह गया है जो अभी कुछ समय पहले तक था। हमारे लिए सोशल मीडिया, मोबाइल और टीवी/यूट्यूब समेत काफी सारे दूसरे विकल्प महत्वपूर्ण बन चुके हैं। और सबसे दिलचस्प बात यह है कि रेडियो को इस बदहाली में पहुंचाने में तकनीकी बदलाव और काल की गति से ज्यादा सरकारी दखल और नीतियां जिम्मेदार हैं। यह कहने में भी हर्ज नहीं है कि इस बदहाल स्थिति के लिए पिछली सरकारें जितनी जिम्मेदार हैं, मोदी सरकार उससे कम जिम्मेदार नहीं है। बल्कि यह शिकायत की जा सकती है कि मन की बात वाले एक दिन की सक्रियता के अलावा आकाशवाणी की सक्रियता कभी नहीं दिखती। अभी हाल तक और या सामान्य दिनों में कुछ ढील दिखती भी थी तो बजट के दिन, चुनाव के अवसर पर नतीजों के दिन, 15 अगस्त और 26 जनवरी या महत्वपूर्ण खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आकाशवाणी की भूमिका बढ़ी दिखती थी और लोग भी ऐसे अवसर पर रेडियो सुनना पसंद करते थे। बल्कि छोटे-छोटे रेडियो सेट लोग अपनी जेब में लिए चलते थे और असली मौके पर अपना पसंदीदा कार्यक्रम या समाचार सुनते थे। समाचार का समय घड़ी मिलाने का होता था और हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषा के कार्यक्रमों के साथ लोग अपना जीवन जुड़ा पाते थे। समाचार तो हर घंटे आते ही थे। कई बार एक से अधिक भाषाओं में समाचार आते थे। समाचार वाचक और कमेंटेटर घर-घर के व्यक्ति जैसे लगते थे। खबरों और विश्लेषण की विश्वसनीयता काफी थी जो आज कहीं नहीं है। फिल्मी गानों वाला विविध भारती भी बिला गया। लेकिन आकाशवाणी से शास्त्रीय संगीत तो सदा के लिए ही विदा हो चुका है। ऐसे जानकार कम नहीं हैं जो मानते हैं कि आकाशवाणी अगर अपने अभिलेखागार में पड़े शास्त्रीय संगीत की रिकार्डिंग और ऐतिहासिक लम्हों वाली आवाजों/वाताओं का खजाना बाहर ले तो वह भी 'सुपर हिट' साबित होगा। एक जमाने तक हिन्दी को प्रसारण की भाषा न मानने वालों का भ्रम भी हिन्दी ने आकाशवाणी के मार्फत ही तोड़ा और इसमें रेडियो की सेवा में गए हमारे हिन्दी साहित्यकारों का योगदान काफी बड़ा है। बल्कि यह शब्दकोष सामने आना चाहिए जिसे रेडियो प्रसारण के क्रम में तैयार किया गया था। आज सिर्फ 'आकाशवाणी' शब्द का किस्सा ही लंबा लगता है लेकिन हरेक शब्द के साथ ऐसी ही कहानी है. ऐसी ही प्रेरणा से संगीतकारों और गवैयों ने आकाशवाणी में रिकार्डिंग कराई थी। यह कुछ लोगों के लिए आजीविका थी तो कुछ ने सिर्फ अपने कौशल और विरासत से लोगों को रूबरू कराने के लिए आकाशवाणी को समय दिया था। और यह जानना भी दिलचस्प है कि इस यात्री को अभी सौ साल भी नहीं हुए हैं। 1923 के जून माह से रेडियो क्लब आफ बाम्बे ने प्रसारण की शुरूआत की थी जबकि आल इंडिया रेडियो की शुरूआत 8 जून 1936 को हुई। आजादी के बाद 1956 में इसका नाम बदला। तब इसकी लोकप्रियता अपने शीर्ष पर थी।

# महाराष्ट्र में सांप्रदायिक तनाव

**अकोला में अभी हालात संभले नहीं हैं। सामान्य जनजीवन पर ब्रेक लगा है, परीक्षाएं टल रही हैं, इस बीच महाराष्ट्र के एक दूसरे शहर अहमदनगर में भी हिंसक झड़प की खबर आई है। रविवार को शहर में संभाजी जयंती के अवसर पर जुलूस निकाला गया था**





**फिल्म** द केरला स्टोरी बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म सौ करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है। हालांकि इसमें जिस तरह आतंकवाद की समस्या को धर्मांतरण से जोड़कर पेश किया गया है, उस पर विवाद खड़े हुए हैं। प.बंगाल, तमिलनाडु समेत कई गैरभाजपा शासित राज्यों ने फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाई है, जिस पर फिल्म के निमार्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। इस मामले पर जून में सुनवाई होगी। वहीं अधिकतर भाजपा शासित राज्यों में फिल्म को न केवल करमुक्त किया गया है, बल्कि राज्यों के मुख्यमंत्री फिल्म के पक्ष में बयान दे रहे हैं। उनसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक चुनाव में इस फिल्म का अनावश्यक जिक्र किया था। उन्हें शायद इससे राजनैतिक लाभ मिलने की उम्मीद थी, मगर ऐसा नहीं हुआ। फिल्मों पर विवाद पहले भी होते रहे हैं। कभी कहानी को लेकर, तो कभी किसी दृश्य को लेकर आलोचनाएं हुई हैं, कुछ हद तक विरोध-प्रदर्शन भी हुए हैं। लेकिन बीते कुछ बरसों में फिल्मों को जिस तरह राजनीति का जरिया बना लिया गया है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। पद्मावत, लाल सिंह चड्ढा, पठान ऐसी अनेक फिल्मों पर हाल के वर्षों में देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन हुए। इन विवादों के कारण समाज को नुकसान पहुंचा, मगर सत्ता की रोटियां सेंकने वालों को फायदा हुआ। अब इस कड़ी में द केरला स्टोरी का नाम भी जुड़ गया है। जो केवल विवाद नहीं, हिंसा का सबब भी बन गई है। महाराष्ट्र के अकोला शहर में दो दिन पहले फिल्म से जुड़े एक इंस्टाग्राम पोस्ट में पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर एक समुदाय ने पुलिस पर शिकायत दर्ज की। जल्द ही दूसरे समुदाय के लोग भी इकट्ठी हो गए और दोनों समूहों के बीच तनाव बढ़ा इसके साथ ही पत्थरबाजी शुरू हो गई। इस हिंसक झड़प में कई गाड़ियों को नुकसान पहुंचा, कम से कम 10 लोग घायल हुए और एक व्यक्ति की जान ही चली गई। निगम पार्षद साजिद खान पठान के मुताबिक पुलिस की मौजूदगी में एक धार्मिक स्थल को आग लगा दी गई और एक व्यक्ति को मार दिया गया क्योंकि वो जिस ऑटो में बैठा था उस पर दूसरे समुदाय के धार्मिक चिह्न मौजूद थे। हालांकि पुलिस का कहना है कि मृतक दंगाइयों में से एक था और पथराव के दौरान उसके सिर पर पत्थर लगने से उसकी मौत हो गई थी। कारण जो भी रहा हो, एक व्यक्ति धार्मिक उन्माद में अकाल मौत मारा गया और सैकड़ों जिंदगियां दांव पर लग गई हैं। अकोला में फिलहाल धारा 144 लागू है, करीब सौ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, 45 लोगों को हिरासत में लिया गया है। फिल्म को लेकर विवादित इंस्टाग्राम पोस्ट करने वाले व्यक्ति के बारे में अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है। लेकिन पता लग भी गया तो क्या फायदा होगा। उस व्यक्ति को छोटी-मोटी सजा मिल जाएगी। लेकिन समाज में जो धर्मांधता का जहर फैल चुका है, वह न किसी गिरफ्तारी से कम होगा, न किसी कर्फ्यू से रुकेगा। उसके लिए दृढ़ राजनैतिक इच्छाशक्ति दिखाने की जरूरत है, जो फिलहाल राष्ट्रीय पटल से नदारद है।

अकोला में अभी हालात संभले नहीं हैं। सामान्य जनजीवन पर ब्रेक लगा है, परीक्षाएं टल रही हैं, इस बीच महाराष्ट्र के एक दूसरे शहर अहमदनगर में भी हिंसक झड़प की खबर आई है। रविवार को शहर में संभाजी जयंती के अवसर पर जुलूस निकाला गया था।

जुलूस जब एक धर्मस्थल के पास से गुजर रहा था तो नारेबाजी शुरू हुई, और फिर दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने भीड़ को संभालने के लिए लाठीचार्ज किया। इस झड़प में कई स्थानीय लोगों के साथ दो पुलिसकर्मियों के घायल होने की भी खबर है। धार्मिक शोभायात्राओं के दौरान अक्सर हिंसक झड़पों की घटनाएं पहले हुई हैं। इस साल रामनवमी पर, पिछले साल हनुमान जयंती पर ऐसी ही झड़पें देश के कई हिस्सों में हुई हैं। ऐसे टकराव को रोकने का सीधा सा उपाय यह है कि कोई भी जुलूस निकालने से पहले सर्वधर्म सद्भाव या शहर के गणमान्य नागरिकों की एक कमेटी पुलिस प्रशासन गठित करे, जुलूस का रास्ता इस तरह बनाया जाए कि उसमें दूसरे धर्मस्थल रास्ते में न आएं, अगर आएं तो वहां पहले ही इत्तिला कर शांति बनाई जाए। जुलूस के आसपास सुरक्षा का प्रबंध रहे और अवांछित तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। ऐसे उपायों से कोई भी धार्मिक जुलूस शांति से निकल सकता है। जिस देश में दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हों, वहां हर धार्मिक त्योहार मनाए जाएंगे और लोग रीति-रिवाजों का पालन भी करेंगे। हमारा संविधान इसकी इजाजत देता है। लेकिन धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति करने वाले इन मौकों को अपने फायदे के लिए भुनाते हैं, फिर चाहे उसमें धर्म की हानि हो या लोगों के जान-माल की, उन्हें फर्क नहीं पड़ता।

धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए देश के खाली बैठे नौजवानों को मोहरों की तरह इस्तेमाल किया जाता है, जबकि राजनेताओं के बच्चे ऐसे फसादों से दूर विदेशों में उच्च शिक्षा लेकर आराम की जिंदगी बसर करते हैं। अब यह लोगों को विचार करना चाहिए कि वे अपनी भावी पीढ़ी को धर्म के नाम पर फैलाई जा रही नफरत की आग में झुलसने दें, या उन्हें राजनैतिक दलों की कठपुतली बनने से बचाएं।

महाराष्ट्र में बगावत से हथियाई गई सत्ता तो भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट ने बचा ली। लेकिन क्या इस राज्य के सांप्रदायिक सौहार्द्र को सरकार बचा पा रही है, इसका आकलन किया जाना चाहिए।

# तर्कसंगत ज्ञान से वंचित किया जा रहा है भारतीय बच्चों को

**डॉ. सोमा मारला**

**हमारा** ग्रह जानवरों, पौधों, रोगाणुओं की विविधता (विभिन्न प्रजातियों) से आबाद है। जैव विविधता और विभिन्न प्रजातियों के बीच मौजूदा संबंधों को समझने से ही वैज्ञानिकों को संबंधित पौधों को संकरित करने और उच्च उपज देने वाली, बेहतर अपनाई गई फसलों के साथ बाहर आने में मदद मिली, जिससे खाद्य उत्पादन बढ़ाने और हमारे ग्रह को भुखमरी से बचाने में मदद मिली। अनेक वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने पिछले सप्ताह एनसीईआरटी द्वारा सीबीएसई के दसवीं कक्षा के विज्ञान के पाठ्यक्रम से विकास के सिद्धांत को हटाने के बारे में गंभीर चिंता जताई थी। पत्र में कहा गया है, 'विकास की प्रक्रिया को समझना वैज्ञानिक स्वभाव के निर्माण में महत्वपूर्ण है'। इससे विद्यार्थी तर्कसंगत ज्ञान से वंचित हो रहे हैं। अफसोस की बात है कि हटाये गये विज्ञान विषयों की सूची में शामिल हैं, चार्ल्स डार्विन, आणविक फाइलोजेनी, विकास और विकासवादी संबंधों का पता लगाना। वैज्ञानिकों ने पाठ्यक्रम से विकास के सिद्धांत को बाहर करने के खिलाफ अपील की और इसे बिना किसी देरी के बहाल करने की मांग की। हस्ताक्षरकताओं में आईआईटी, आईआईएसईआर, आईसीएआर, टीआईएफआर, सीएसआईआर, और अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रमुख वैज्ञानिक शामिल हैं। विकासवादी जीव विज्ञान का ज्ञान और समझ न केवल जीव विज्ञान के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रकृति में मनुष्य के जीवन और स्थान के टेपेस्ट्री को समझने के लिए भी महत्वपूर्ण है। विकासवादी जीवविज्ञान मानव रोगों से लेकर महामारी विज्ञान, पारिस्थितिकी, पर्यावरण से लेकर दवा की खोज तक समाज में दैनिक जीवन में आने वाली




समस्याओं का विश्लेषण करने में मदद करता है। हालांकि हम अपने व्यस्त दैनिक जीवन में यह महसूस नहीं करते हैं कि प्राकृतिक चयन ने हाल ही में कोविड वायरल रोगजनकों के जीनोम का विश्लेषण करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी, यह धीरे-धीरे विकास और विभिन्न तनाव उपप्रकारों में उत्परिवर्तन है। इन वैज्ञानिक जांचों ने महामारी विज्ञान को महामारी के आगे प्रसार को रोकने में मदद की है। वायरल जीनोम इवोल्यूशनरीस्टडीज ने पैथोजन में विभिन्न रोग पैदा करने वाले जीन और एंजाइम को समझने में बहुत मदद की, जिससे अंततः विभिन्न टीकों की खोज हुई जिसने लाखों मानव जीवन को बचाया।

हमारा ग्रह जानवरों, पौधों, रोगाणुओं की विविधता (विभिन्न प्रजातियों) से आबाद है। जैव विविधता और विभिन्न प्रजातियों के बीच मौजूदा संबंधों को समझने से ही वैज्ञानिकों को संबंधित पौधों को संकरित करने और उच्च उपज देने वाली, बेहतर अपनाई गई फसलों के साथ बाहर आने में मदद मिली, जिससे खाद्य उत्पादन बढ़ाने और हमारे ग्रह को भुखमरी से बचाने में मदद मिली। डार्विन के प्रजातियों की उत्पत्ति के सिद्धांत ने हमें यह समझने में मदद की कि पर्यावरण में खतरों से चुनौती मिलने पर बेहतर अस्तित्व के लिए विभिन्न पौधों और जानवरों का अन्य प्रजातियों में क्रमिक परिवर्तन कैसे होता है। जीव विज्ञान ने हमें सिखाया है कि सभी जीवित प्राणी डीएनए या आरएनए, चयापचय, शरीर विज्ञान, और सामान्य आनुवंशिक कोड (जीवन के कार्यक्रम) की विरासत साझा करते हैं। आनुवंशिकी, जीव विज्ञान का एक क्षेत्र है जो डार्विन के युग के विकास के सिद्धांत बनाने के बाद फला-फूला और मदद की ।ट्री ऑफ लाइफ का उपयोग करके विभिन्न जानवरों के बीच समानताएं और अंतर्संबंध बनाना उनमें से एक है ।फ्रेडरिकएंगेल्स, च्द पार्टप्लेड बाय लेबर इन द ट्रांजिशनफ्रॉम द ट्रांजिशनफ्रॉममैनज् पर एक निबंध में, मनुष्य के विकास को सभ्य अवस्था में प्रस्तुत करने का विश्लेषण करते हैं और विकास की प्रक्रिया में मानव श्रम द्वारा निभाई गई भूमिका की प्रशंसा करते हैं।

विकास की सार्वभौमिक समझ के विपरीत, पूर्व भाजपा केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री (जनवरी, 2018) ने न केवल डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत को चुनौती दी, बल्कि कहा, 'यह कभी नहीं देखा गया कि बंदर कैसे इंसान बन गये।' उन्होंने आगे कहा कि 'डार्विन का सिद्धांत (मनुष्यों के विकास का) वैज्ञानिक रूप से गलत है। इसे स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रम से हटाने की जरूरत है।' इस पृष्ठभूमि में डार्विन के विकासवादी सिद्धांत, यूक्लैडियनज्यामिति का आज बहिष्कार और उन्हें काल्पनिक दशावतार और वैदिक गणित के साथ बदलना और रचनात्मकता के सिद्धांत का समर्थन इस पृष्ठभूमि में कोई आश्चर्य की बात नहीं है। आरएसएस और वर्तमान शासन विज्ञान, तर्कसंगत सोच को निशाना बना रहे हैं ताकि छात्रों के दिमाग से 'आलोचनात्मक सोच और प्रश्न' को हटाया जा सके। यह आधुनिक भारत को अज्ञानता के अंधेरे युग में वापस खींचने के लिए एक बड़े डिजाइन का हिस्सा है, विशेष रूप से मनुस्मृति और जातिवाद के वर्चस्व के तहत।

इस तरह के कदमों से होने वाले भारी विनाश को देखते हुए आईआईटी, आईआईएसईआर, आईसीएआर, टीआईएफआर, सीएसआईआर, और अन्य केंद्रीय और अन्य विश्वविद्यालयों के लगभग 1800 प्रमुख वैज्ञानिकों और शिक्षकों ने पाठ्यचर्या से विकास के सिद्धांत को बाहर करने के खिलाफ अपील की और इसकी तत्काल बहाली की मांग की। हस्ताक्षरकताओं में देश भर के प्रमुख वैज्ञानिक शामिल हैं। लोगों को एनसीईआरटी और केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय से स्कूली पाठ्यक्रम से बाहर की गई सामग्री को तुरंत बहाल करने की मांग में वैज्ञानिकों के साथ शामिल होना चाहिए।

# सामाजिक न्याय का चुनाव

**प्रो. रविकान्त**

**कर्नाटक** में 17 फीसदी दलित आबादी है। खड़गे की मौजूदगी के कारण बड़े पैमाने पर दलित समाज कांग्रेस के साथ आया है। राष्ट्रीय स्तर पर 16.7 फीसदी दलित है। दलित कांग्रेस का आधार वोट रहा है। बीएसपी के कमजोर होने से दलित समाज की कांग्रेस में घर वापसी हो सकती है। जाहिर तौर पर उत्तर भारत में खोई हुई जमीन पाने के लिए दलित प्रधानमंत्री का नैरेटिव मददगार साबित हो सकता है। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने शानदार जीत हासिल की है। इस चुनाव पर समूचे देश की निगाहें टिकी हुई थीं। राजनीतिक हलकों और हिन्दी मीडिया में पहली बार कर्नाटक चुनाव खास चर्चा में रहा। दरअसल, यह चुनाव आने वाले वक्त की राजनीतिक दिशा तय करने वाला माना गया। राजनीतिक विश्लेषक इसे लोकसभा चुनाव-2024 का पहला सेमीफाइनल कह रहे थे। कांग्रेस पार्टी की सफलता ने नरेन्द्र मोदी और भाजपा की दिग्विजयी छवि पर बट्टा लगा दिया है। इस जीत से अचानक कांग्रेस की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। जाहिर तौर पर इससे विपक्ष की राजनीति मजबूत होगी और इसमें कांग्रेस की भूमिका भी असरदार होगी। इसीलिए कई एंगल से कांग्रेस की जीत का विश्लेषण किया जा रहा है। भाजपा की पराजय की पड़ताल हो रही है। पहला सवाल तो यह है कि कांग्रेस को इतनी बड़ी जीत क्योंकर प्राप्त हुई? दरअसल, लंबे समय के बाद कांग्रेस ने कर्नाटक में बहुत व्यवस्थित और संगठित होकर चुनाव लड़ा। एक तरफ सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार जैसे स्थानीय नेताओं ने सत्ता संघर्ष के बावजूद एकजुट होकर चुनाव लड़ा। दूसरी तरफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने गृहराज्य में भाजपा के सुपर स्टार प्रचारक नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला। बेहद सीनियर, अनुभवी और दलित समुदाय से आने वाले मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस के सामाजिक समीकरण को भी मजबूत बनाया। इस जीत से कांग्रेस के भीतर उनका कद और अधिक प्रभावशाली हो गया है। कर्नाटक के चुनाव नतीजे कांग्रेस के लिए बहुत मायने रखते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद यह पहला चुनाव था। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 14 दिन कर्नाटक में गुजारे थे। इस दरम्यान उन्होंने अपने नेताओं और कार्यकताओं को बूस्ट किया। कर्नाटक की तस्वीरों ने राहुल गांधी की यात्रा और उनके मकसद को अधिक गाढ़ा बनाया। राहुल गांधी ने लोगों से मिलकर उनकी मुश्किलों और जरूरतों को जाना-समझा। कांग्रेस का दावा है कि लोगों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर ही उसका संकल्प पत्र तैयार किया गया। इन उम्मीदों को पूरा करना कांग्रेस की प्रतिबद्धता है। यह चुनाव राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का सोशल ऑडिट था। इस जीत ने भारत जोड़ो यात्रा की सफलता की इबारत लिख दी है। खुद राहुल गांधी ने इसे मुहब्बत की जीत और नफरत की हार बताया है। यह चुनाव कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी सोशल ऑडिट था। अध्यक्ष होने के बाद उनका भी यह पहला चुनाव था। विदित है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अशोक गहलोत के इंकार के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे गांधी परिवार के अघोषित आधिकारिक प्रत्याशी बने। केरल के अभिजात शशि थरूर के मुकाबले कन्नड़ दलित खड़गे अध्यक्ष चुने गए। लगता है, कांग्रेस पार्टी खड़गे के मार्फत 21वीं सदी की भारतीय राजनीति की नई इबारत लिखने जा रही है। यह सवाल राजनीतिक हवाओं में खुशबू बनकर तैर रहा है कि आजादी के 75 साल बाद क्या खड़गे पहले दलित प्रधानमंत्री हो सकते हैं? क्या खड़गे को अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस पार्टी ऐसा नैरेटिव तैयार कर रही है? क्या कांग्रेस डॉ. आंबेडकर के सपने को पूरा करने जा रही है? 25 नवंबर, 1949 को 20वीं सदी के सबसे प्रबुद्ध, अविस्मरणीय और संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में बाबा साहब ने कहा था कि, 'दलित समाज द्विजों की गुलामी का बोझा ढोते-ढोते थक गया है।

# आदर्शनवान जुएं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जूँ बड़े आदर्शवान** होते हैं। उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। वे बड़े मेहनती होते हैं। वे हमारी तरह ईर्ष्यालु अथवा झगड़ालु नहीं होते। वे अत्यंत मिलनसार तथा भाई-चारा का संदेश देने वाले महान प्राणी होते हैं। इस सृष्टि की रचना के आरंभ से उनका और हमारा साथ फेविक्विक से भी ज्यादा मजबूत है। वे जिनके भी सिर को अपना आशियाना बना लेते हैं, उसे मंदिर की तरह पूजते हैं। ह्यतुम ही मेरे मंदिर, तुम ही मेरी पूजा, तुम ही देवता होह्न की तर्ज पर हमारी खोपड़ी की पूजा तन-मन से करते हैं। जुँएँ बाहुबली की तरह शक्तिशाली होते हैं। उनकी पकड़ अद्वितीय है। उनकी चाल-ढाल और गतिशीलता बिजली की भांति तेज होती है। हम तो उनके सामने फेल हैं। पलक झपकते ही सिर में ऐसे गायब हो जाते हैं जैसे उनके पंख लगे हों। वे बड़े संघर्षशील तथा अस्तित्वप्रिय होते हैं। वे हमारी तरह डरपोक नहीं होते। बड़ी-बड़ी मुसीबतों का सामना हँसते-हँसते करते हैं। वे धूप, बरसात, आंधी, बाढ़ सबका सामना ह्यखड़ा हिमालय बता रहा है, डरो न आंधी पानी में, खड़े रहो तुम अविचल होकर, सब संकट तूफानी मेंह्न की तर्ज पर करते हैं। किसी की मजाल जो उन्हें भगा दें। जब तक उनके बारे में खोपड़ी वाले को पता न चले, तब तक वे बाहर नहीं निकलते। बेचारे अपने सभी काम उस छोटी सी खोपड़ी पर करते हैं। कभी जगह की कमी की शिकायत नहीं करते। जो मिला उसे भगवान की देन मानकर उसी में अपना सब कुछ लगा देते हैं। स्थान और समय प्रबंधन के महागुरु हैं। हमारे नहाने के साथ वे नहा लेते हैं। त्यौहार का दिन हो तो उनका जीना मुश्किल हो जाता है। उस दिन शैंपू, हेयर क्लीनर के नाम पर न जाने कितने रासायनिक पदार्थों का सामना करते हैं। फिर भी जुँएँ संघर्ष का परचम फहराने से नहीं चूकते। ये सब तो उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। उनकी शामत तो सिर पर तौलिया रगड़ने से आती है। जैसे-तैसे प्राण बचाने में सफल हो जाते हैं। हेयर ड्रायर की जोरदार गर्म हवा से इनके शरीर का तापमान गरमा जाता है और अपनों से बिछुड़ जाते हैं। फिर भी अपने आत्मविश्वास में रत्ती भर का फर्क नहीं आने देते। आए दिन उन पर खुजलाने के नाम पर, कंघी के नाम पर हमले होते ही रहते हैं। सबका डटकर सामना करते हैं। यदि वे हमारे हत्थे चढ़ भी जाते हैं, तो नाखूनों की वेदी पर हँसते-हँसते ह्यकर चले हम फिदा जानो-ओ-तन साथियों, अब तुम्हारे हवाले ये सिर साथियों की तर्ज पर प्राण त्याग देते हैं।

## सीएमएस की बूढ़ी मां को डॉ आकांक्षा ने बनाया बंधक, कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल स्थित सरकारी आवास में सीएमएस की बूढ़ी मां को महिला चिकित्सक ने बाहर से तालाबंदी कर बंधक बना लिया। मुख्यालय से बाहर रहे सीएमएस को जानकारी हुई तो स्टाफ कर्मियों को महिला चिकित्सक के पास भेजा। करीब दो घंटे बाद महिला चिकित्सक ने आवास में लगे ताले को खोला। वापस लौटने के बाद सीएमएस ने महिला डाक्टर के खिलाफ मां को बंधक बनाकर धमकाने का नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

सीएचसी पहाड़ी में विवादों की वजह से चिकित्साधिकारी डा आकांक्षा सिंह को सीएचसी शिवरामपुर भेजा गया था। वहां से जिला अस्पताल में मेडिकोलीगल के लिए सीएमओ ने उनको संबद्ध कर दिया। सीएमएस डा सुधीर शर्मा का कहना है कि डा आकांक्षा सिंह अस्पताल में तैनात स्टाफ व मरीजों के साथ आए दिन अभद्रता करती रही है। उनके पास कई बार शिकायत आई। जिस पर उन्होंने कई बार हिदायत दी। फिर भी नहीं मानी तो नौ मई को उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। बताया कि वह नौ मई को अपने कानपुर आवास गए हुए थे। जिला अस्पताल में उनकी 90 वषीर्या बूढ़ी मां शांति शर्मा सरकारी आवास पर मौजूद थी।

बताया कि 10 मई को सुबह करीब साढ़े नौ बजे चिकित्सक डा आकांक्षा सिंह ने उनके आवास के मुख्य दरवाजे में ताला बंद कर मां को बंधक बना लिया। इसकी जानकारी स्टाफ के जरिए दूरभाष से उनको मिली। उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी सीएमओ को दी। जिस पर सीएमओ ने अस्पताल के एक कर्मचारी को चिकित्सक के पास भेजा।

## लोनिवि की सप्ताह भर में उखड़ने लगी सड़क

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक में लोक निर्माण विभाग ने देहरूच माफी मजरा भुजौली मेन रोड से हनुमान मंदिर तक संपर्क मार्ग में ठेकेदार की पेंटिंग एक सप्ताह भी नहीं चली। सड़क की पिचिंग हवा में उड़ने लगी। लाखो की लागत से कराई पेंटिंग सड़क के कार्य में जमकर बरती धांधली के चलते सप्ताह भर के भीतर ही सड़क से धूल उड़ने लगी।

बुधवार को समाजसेवी राजेश द्विवेदी ने बताया कि पेंटिंग दौरान सही ढंग से सामग्री का ठेकेदार ने प्रयोग नहीं किया। इससे ये सड़क कुछ दिन बाद ध्वस्त हो जायेगी। आने वाली बरसात में पुनः पहले की तरह गड्ढा बन जायेंगे। इससे हादसों में वृद्धि होगी। मेन रोड से हनुमान मंदिर तक संपर्क मार्ग भुजौली में कई बार राहगीर गिरकर चुटहिल हुए हैं।

सवाल है कि इस्टीमेट के अनुसार कार्य का सत्यापन करने वाले लोनिवि के जिम्मेदार अवर अभियंता को ठेकेदार की कमी क्यों नहीं दिखाई देती।

## टप्पेबाज को दबोच एक लाख तीस हजार बरामद, मोटरबाइक भी की बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ राज कमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस ने टप्पेबाजी करने वाले को दबोचकर एक लाख तीस हजार रुपये व बैंक पास बुक, चेक बुक व एक मोटरबाइक बरामद की है।

ज्ञात है कि चार मई को मऊ कस्बे के तहसील गेट के सामने से उमराज सिंह पुत्र मनराखन सिंह निवासी बरुआ थाना राजापुर के साथ अज्ञात व्यक्ति ने टप्पेबाजी कर बाइक की डिग्गी से एक लाख तीस हजार रुपये, बैंक पासबुक की चोरी कर ली थी। घटना की बाबत मऊ थाने में मामला दर्ज हुआ था। प्रभारी निरीक्षक ने घटना के खुलासे को दरोगा इन्द्रजीत गौतम को लगाया था। दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने आज बुधवार को रामबाबू कुशवाहा पुत्र पराग कुशवाहा निवासी रूरल थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से टप्पेबाजी के एक लाख तीस हजार रुपये, एक चेक बुक, एक पास बुक तथा घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक यूपी96ई-5339 बरामद किया। रामबाबू कुशवाहा का खासा आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम, सिपाही लल्लू प्रसाद, राहुल पांडे, रविंद्र कुमार, महिला सिपाही शिखा सिंह शामिल रहे।

## योजनाओं का लाभ लेने को मछली पालक करें सम्पर्क

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मत्स्य विभाग ने जिले के किसानों को मछली पालन से जोड़ने को कई कल्याणकारी योजनायें चलाई हैं। निदेशक मत्स्य ने निर्देश दिये हैं कि 20 मई से मत्स्य विभाग कृषको/लाभार्थियों को योजनाओं के लिए पोर्टल खोला जा रहा है। योजनाओं का लाभ पाने को जिलेवासी आनॅलाइन/आफलाइन आवेदन कर सकते है। योजनाओं में सरकार की ओर से अनुदान की सुविधा दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना दस वर्षीय पट्टे तालाबों में निवेश को 40 प्रतिशत छूट दी जाती है। निषादराज बोट अनुदान योजना मछुआरों को नवीन बोट खरीदने पर 40 प्रतिशत छूट दी जा रही है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना मत्स्य पालन को बैंकों से ऋण प्राप्त करें। मछुआ दुर्घटना बीमा योजना बिना प्रीमियम जमा किये मछुआरों को बीमा की सुविधा यूपी फिश फार्मर एप पर पंजीयन कर सकते है। सभी किसान भाईयों से अनुरोध किया कि मछली पालन की योजनाओं से आर्थिक स्थिति मजबूत करें। योजनाओं की विस्तृत जानकारी को मत्स्य विभाग के कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य कालूपुरपाही कर्वी पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते है।

## एक जून को बांदा में लगेगी पेंशन अदालत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा की अध्यक्षता में एक जून को पूर्वान्ह 11 बजे आयुक्त कार्यालय बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवा निवृत्त अध्यापकों/ कर्मचारियों के लम्बित देयकों की बाबत जनसुनवाई पूर्व की भांति होगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र/प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 22 मई की शाम चार बजे तक दे सकते हैं। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में प्राप्त करायेंगे।

## मां-बेटे को दहेज हत्या में सात-सात साल की हुई सजा, 15-15 हजार जुमार्ना भी हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित मामलों की पैरवी कर अपराधियों को ज्यादा से ज्यादा सजा कराने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों का पुलिस पालन कर रही है।

बुधवार को इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा व पैरोकार आकाश कुमार यादव ने पैरवी कर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट संजय कुमार की अदालत में चल रहे दहेज हत्या के मामले में कुशल यादव पुत्र स्व राजकुमार व राजा बेटी पत्नी स्व राजकुमार निवासी सोतीपुरवा थाना राजापुर को सात-सात वर्ष की सजा एवं 15-15 हजार रुपये का जुमार्ना करवाया है।

ज्ञात है कि 28 अगस्त 2016 को बद्री प्रसाद ने राजापुर थाने में तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री गीता देवी को दामाद कुशल यादव एवं सास राजा बेटी प्रताडित कर मारपीट करते हें। पुत्री को आत्महत्या को उकसाते हैं। इस बाबत थाना राजापुर में मामला दर्ज हुआ था। विवेचक ने दोनों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने को 22 मई से 20 जून तक चलेगा अभियान: डीएम

## सभी गांवों में लगेगा शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बाबत कहा कि शासन के निर्देश पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी पात्र किसानों को लाभ दिलाने को ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर 22 मई से 20 जून तक लगेगा।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि नए आवेदन पत्र भूलेख फीडिंग आधार सीडिंग ईकेवाईसी शामिल है, इसमें राजस्व कृषि पंचायती राज जन सेवा केंद्र डाकघर के कर्मचारी सहयोग करेंगे। जो आवेदन पत्र भूलेख सत्यापन को तहसील स्तर पर लंबित है, उन्हें तत्काल कराएं। ब्लॉक वार जो नोडल अधिकारी लगाए गए हैं वह 50 प्रतिशत सत्यापन प्रतिदिन भ्रमण करके अवश्य करें। उन्होंने कहा कि पुनः 14वीं किस्त निर्गत करने को लाभार्थी कृषकों का ईकेवाईसी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बैंकों के खाता में जिन किसानों को समस्या हो रही है उसके लिए डाकघरों में नया खाता खोला जाए, ताकि योजना का लाभ ले सके। उपनिदेशक कृषि से कहा कि गर्मी को देखते हुए यह अभियान गांव में सुबह-शाम कराया जाए। जन सुविधा केंद्र संचालकों को निर्देश दिए कि वह निर्धारित गांव के अनुसार जन सुविधा केंद्र संचालक पहुंचकर ईकेवाईसी आधार सीडिंग तथा आवेदन पत्र भरवाए।

उन्होंने कहा कि जो किसान तकनीकी सहायकों को लगाया जा रहा है उसको सभी किसानों की सूची दी जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि ग्राम प्रधानों को मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से पत्र भेजें कि वह सचिवालय में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। गांव में प्रचार-प्रसार भी कराया जाए। संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग के कर्मचारियों को इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दें।

उप कृषि निदेशक राजकुमार ने कहा कि अभी तक योजना के लाभ से वंचित सभी पात्र कृषकों को लाभ दिलाने को 22 मई से 20 जून तक व्यापक पीएम किसान लाभ देने को अभियान चलाया जायेगा। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में सम्बन्धित प्रधानों की अगुवाई में चलाये जाने वाले अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में संबंधित विभागों के कर्मचारियों की मौजूदगी में शिविर लगाया जायेगा। कहा कि शिविर में ऐसे पात्र किसान जिन्हें विभिन्न कारणों से लाभ नहीं मिल पा रहा है। उसका डाटा व अभिलेख पूर्ण कराते हुए समस्त ग्राम पंचायतों को इस योजना से संतृप्त किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, अपर उप जिलाधिकारी रामजन्म यादव, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, मऊ नवदीप शुक्ला, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक दीपक कुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्व राजबहादुर के करिश्माई नेतृत्व ने सीपीआई के गढ में सपा को किया स्थापित

## स्व राजबहादुर की मनाई 10वीं पुण्यतिथि



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे जिले के प्रथम जिलाध्यक्ष रहे पूर्व जिलाध्यक्ष श्रद्धेय राजबहादुर सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि मुख्यालय स्थित राम वाटिका में मनाई गई। श्रद्धेय राजबहादुर सिंह यादव के करिश्माई नेतृत्व ने सीपीआई के गढ़ में सपा को स्थापित किया।

बुधवार को पूर्व जिलाध्यक्ष स्व राजबहादुर सिंह यादव की चित्रकूट जिला बनाने में अहम भूमिका रही। इस मौके पर हुई गोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष सपा गौरी शंकर मिश्रा एवं संचालन सुभाष सिंह पटेल ने किया। गोष्ठी में गौरी शंकर मिश्रा ने कहा कि 1997 में मायावती सरकार ने चित्रकूट का नाम छत्रपति शाहूजी महाराज रखा था। उस समय श्रद्धेय राजबहादुर यादव ने चित्रकूट का गौरवमई इतिहास एवं संस्कृत विरासत को पुनः चित्रकूट के नाम पर स्थापित करने को सड़क से लेकर दिल्ली स्थित संसद तक आंदोलन और संघर्ष किया। श्रद्धेय राज बहादुर यादव कुशल राजनीतिज्ञ प्रखर वक्ता निर्भीक व्यक्तित्व और मनुष्य के चरित्र चेहरा और चाल की समझ रखने वाले करिश्माई नेता थे। श्री मिश्रा ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष राज बहादुर यादव का जनपद चित्रकूट नाम से जिला बनाने में अहम योगदान रहा। उन्होंने लखनऊ विधानसभा में आंदोलन किया और अपने आंदोलन के दम पर विधानसभा की कार्रवाई रुकवाने का कार्य किया। पूर्व जिला उपाध्यक्ष सपा मो गुलाब खां ने कहा कि स्व राजबहादुर यादव के संघर्षों के साथी रहे हैं। संघर्ष आंदोलन के दम पर श्रद्धेय राज बहादुर यादव के नेतृत्व में जिले में सपा को मजबूत किया। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा हमारे पूज्य पिता और सपा के प्रथम जिलाध्यक्ष रहे श्रद्धेय राज बहादुर यादव ने अपने संघर्ष आंदोलन और जन सहयोग की भावना के दम पर जिले से सीपीआई और कांग्रेस उखाड़ फेंका। समाजवादी लोग श्रद्धेय राजबहादुर के बताए रास्ते पर चलकर जनविरोधी भारतीय जनता पार्टी का जिले से सफाया करेंगे। गोष्ठी में मकरी पहरा प्रधान सरनाम सिंह यादव ने कहा कि श्रद्धेय राजबहादुर यादव हमारे राजनीतिक गुरु रहे। उन्होंने आंदोलन संघर्ष जनता का सहयोग और सेवा का पाठ पढ़ाया। सीमित संसाधनों के बावजूद श्रद्धेय पूर्व जिलाध्यक्ष ने कुशल नेतृत्व के दम पर चित्रकूट में प्रथम सांसद और प्रथम विधायक सपा के सिंबल से जिताने का काम किया था। गोष्ठी में मान सिंह पटेल, कैलाश बौद्ध, तीरथ दीन राजपूत, फूलचंद करवरिया, अजय तिवारी, चंचल चित्त पटेल, रामकिशोर कुरील, जागेश्वर यादव, रामा यादव, समीर विश्वकर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर राममूरत यादव, भागवत यादव, मनीष विश्वकर्मा, अमर सिंह पटेल, मंगल यादव, सत्यम मलिक, साहबलाल द्विवेदी, मनीष विश्वकर्मा, राजा बाबू यादव आदि मौजूद रहे।

# विद्याधाम विद्यालय की कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

## छात्र-छात्राओं में दौड़ी प्रसन्नता की लहर




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की पावन प्रेरणा से सदगुरु शिक्षा समिति से संचालित विद्याधाम उमा विद्यालय की कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड का वार्षिक परीक्षा परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल ने घोषित किया। परिणाम आते ही छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के चेहरों पर प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी।

विद्यालय प्राचार्य शंकरदयाल पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय की 5वीं में कुल 79 छात्र बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें 60 छात्र प्रथम श्रेणी, चार छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए है।

बुधवार को प्राचार्य ने बताया कि इसी प्रकार कक्षा 8वीं में कुल 110 छात्र बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिनमें 88 छात्र प्रथम श्रेणी, चार छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 5वीं में अंकुर पटेल पुत्र विनोद कुमार एवं सुनीता देवी पटेल ने 86.5 फीसदी के साथ कक्षा में प्रथम स्थान, शिवानी मिश्रा पुत्री अशोक कुमार एवं शोभना मिश्रा ने 85.7 फीसदी के साथ द्वितीय स्थान, अंश त्रिपाठी पुत्र लवकुश एवं रानू त्रिपाठी ने 83.2 फीसदी के साथ तृतीय स्थान, अनिल कुमार कुशवाहा पुत्र रामविलास एवं उर्मिला देवी ने 83.00 फीसदी के साथ चतुर्थ स्थान एवं तनु गौतम पुत्री मिथलेश एवं पुष्पा देवी गौतम ने 82.75 फीसदी के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8वीं में सुमित साहू पुत्र सीताराम एवं अर्चना देवी साहू ने 88.8 फीसदी प्रथम स्थान, स्वाति मिश्रा पुत्री अशोक एवं शोभना मिश्रा ने 87.0 फीसदी द्वितीय स्थान, श्रुति रावत पुत्री श्यामसुन्दर एवं सोनी देवी रावत ने 86.6 फीसदी तृतीय स्थान, अनमोल अनुरागी पुत्र सुनील कुमार एवं माया देवी अनुरागी ने 85.6 फीसदी चतुर्थ स्थान, संजय विश्वकर्मा पुत्र जयकरण एवं सावित्री देवी विश्वकर्मा ने 85.6 फीसदी के साथ संयुक्त चतुर्थ स्थान एवं स्मृति त्रिपाठी पुत्री कौशल किशोर एवं ऊषा त्रिपाठी ने 84.00 फीसदी के साथ पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि कई वर्षों बाद इस सत्र में कक्षा 5 एवं 8 की वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं राज्य शिक्षा केन्द्र मध्य प्रदेश से आयोजित की गयी। विद्यार्थियों को परिणाम जानने की उत्सुकता थी। इस मौके पर सदगुरु शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा जैन, ट्रस्टी डॉ बीके जैन, उपाध्यक्ष अनुभा अग्रवाल, सचिव आरबी सिंह चैहान ने इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, शिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देकर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएम ने किसानों को बांटे पोर्टेबल स्प्रिंकलर सेट

## उद्यान अधिकारी ने किसानों को बताये लाभ



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने उद्यान विभाग से संचालित अटल भूजल योजना के लाभार्थियों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर बांटे। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने पोर्टेबल स्प्रिंकलर की उपयोगिता के बारे में किसानों को बताया। बुधवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता की। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि जब हम सीधे अपने खेत में सिंचाई करते हैं, उससे पानी की बबार्दी एवं समय अधिक लगता है। इससे जन व धन की बबार्दी होती है। स्प्रिंकलर से सिंचाई करने पर कम पानी व समय लगता है। फसल को आवश्यकतानुसार पानी मिलता है। इससे फसल उत्पादन की क्षमता बढती है। इसके कारण किसानों की आय दोगुनी होती है। विभाग ने लघुसीमान्त किसानों को 90 व सामान्य किसानों को 75 प्रतिशत की दर से अनुदान देती है। एक किसान को अधिकतम दो हेक्टेयर व जीरो क्षेत्रफल तक लाभ ले सकता है। कार्यक्रम में मौजद मुख्य विकास अधिकारी ने पोर्टेबल स्प्रिंकलर के बारे में कृषकों को बताया। इस मौके पर 50 किसानों को पोर्टेवल स्प्रिंकलर सेट बांटे गये। किसान वीरेंद्र सिंह कालूराम का पुरवा मऊ, हरिश्चंद्र सिंह कालूराम का पुरवा मऊ, जगपत सिंह नीबी, सूर्यभान सिंह छिवलहा, बदन सिंह शेखापुर, ननकू सिंह कालूराम पुरवा मऊ, जय सिंह कालूरामपुर, रामबाबू पिपरौध, हरिनारायण हन्ना विनैका, दयाशंकर पिपरौध, उपेन्द्रनाथ पिपरौध, सुधीर कुमार पिपरौध, विवेक नीवी मऊ, श्याम किशोर पिपरौध, श्रीपाल झगड़हट आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभागीय कर्मचारी योजना प्रभारी अवधेश मिश्रा, सहायक उद्यान निरीक्षक पीयूष कुमार आदि मौजूद रहे।

## छूटे गांवों में करायें पेयजल कनेक्शन: डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जल जीवन मिशन के तहत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जो गांव जल जीवन मिशन से पेयजल से छूट गए हैं, उनका प्रस्ताव बनाकर तत्काल कार्य करायें।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि परदवा गांव में सोलर लाइट की व्यवस्था न करके विद्युत व्यवस्था से पेयजल व्यवस्था संचालित करने को प्रस्ताव बनायें, ताकि उनके जीवन में भी बदलाव आए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 236 स्कूलों में पेयजल का कनेक्शन करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि हर स्कूल में दो कनेक्शन अवश्य कराएं। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने में जो सड़कें तथा गांव की गलियों को खोदा गया है, जब तक मरम्मत न हो जाए तब तक वेरिफिकेशन न किया जाए। शासन की मंशानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी से करायें।

बैठक में एडीएम नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, अधिशासी अभियंता जल निगम संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बिहारा में रामकथा सुन भाव-विभोर हुए भक्तगण, अनुज शास्त्री सुना रहे कथा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के बिहारा गांव के पेरातीर हनुमान मंदिर प्रांगण में रामेश्वर भोलेनाथ मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चैथे दिन कथा व्यास अनुज शास्त्री की समधुर श्रीराम कथा सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो गये।

बुधवार को कथा व्यास अनुज शास्त्री ने कहा कि कथाएं समाज के उत्थान को होती हैं, लेकिन इतनी कथाएं होने पर भी समाज में सुधार नहीं दिखता। प्रमुख कारण कथाओं को प्रेरणा स्वरूप न बनाकर मनोरंजन का साधन बनाया जा रहा है। कथाओं से प्रेरणा लेने को समझना होगा। प्रभु श्रीराम के चरित्र को देखना और उसका अनुकरण करना होगा। प्रभु राम ने इस संसार में समाज में धर्म की रक्षा को अवतार लिया था। प्रभु को आदर्श मानकर समाज सेवा में तत्पर रहना चाहिए। तभी हम इस समाज को और देश को उत्थान की तरफ लेकर जा सकते हैं। चैथे दिन की कथा में भगवान के मिथिलापुरी दर्शन का बड़ा ही मनोहारी वर्णन किया।

भगवान राम और लक्ष्मण के नगर दर्शन की कथा सुनकर कथा परिसर में मौजूद सभी भक्तगण प्रेम रस में डूब गए। कथा का आयोजन जन कल्याण को भोले राम शुक्ला करवा रहे हैं। कथा में रमेश कुमार शुक्ला, रमाकांत मिश्रा, रामनरेश मिश्रा, श्याम लाल मिश्रा, विकास शुक्ला, संतोष कुमार मिश्रा, मुन्ना त्रिपाठी, राम सुफल ओझा,सौम्या मिश्रा, रजनीश तिवारी, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## फरार आरोपियों को हाईकोर्ट ने रिहा करने का दिया आदेश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर थाना मऊ के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह की टीम ने 28 मई को अभियान चलाकर वांछित विद्या देवी पत्नी हरिओम व अवधेश कुमार पुत्र हरिओम निवासी औझर थाना मऊ को मारपीट एवं हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अपराध संख्या 224/2022 धारा 323, 306 आईपीसी के तहत गिरफ्तार अभियुक्तों को 29 अक्टूबर 2022 से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने से फरार चल रहे थे। इनके खिलाफ 82 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही भी चित्रकूट न्यायालय से चल रही थी। ये अभियुक्तगण पांच मई 2023 को उच्च न्यायालय की शरण में गये। उच्च न्यायालय के युवा अधिवक्ता क्रांतिकिरण पांडेय के माध्यम से न्यायालय में अर्जी दी। अधिवक्ता ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उसी दिन इनका केस कोर्ट में फाइल किया। बुधवार को पहली बहस में अधिवक्ता क्रांतिकिरण पांडेय ने ऑनरेबल जस्टिस गौतम चैधरी की कोर्ट से इन्हें रिहा करवाने का आदेश दिलाया।

## नदी को बचाना है तो भू विसर्जन की आदत डालें: अजीत सिंह, बुंदेली सेना ने दूसरे दिन नदी सफाई का चलाया अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी सफाई के दूसरे दिन बुंदेली सेना ने नयागांव रपटा के पास सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नदी से चोई घास निकाली गई। लोगों से अपील किया कि नदी में प्लास्टिक कचरा कतई न फेंके। भू-विसर्जन की आदत डालें, ताकि नदी का भविष्य सुरक्षित रहे। बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मन्दाकिनी नदी में इस समय चोई घास का अम्बार है। आलम यह है कि नयागांव रपटा से लेकर बूडे हनुमान मंदिर तक नदी में केवल चोई का अम्बार है। इसी को देखते हुए नदी सफाई का अभियान शुरू किया गया। अगले 10-15 तक सतत नदी की सफाई की जायेगी। अजीत सिंह ने बताया कि नदी में सफाई से ज्यादा जरूरी है कि लोग परम्पराओं के नामपर नदी में प्लास्टिक कचरा, गंदगी फेकना बंद कर दें। कर्वी में पुलघाट के ऊपर से रोज दर्जनों पालीथीन थैलियां नदी में फेंकी जाती हैं। नदी में लोग कचरा फेंकना बंद कर दें तो नदी में सफाई की जरूरत कम पड़ेगी। जल है तो कल है, नदी को बचाना है तो समाज को आगे आना होगा और पुरानी परम्पराएं तोड़कर नदी में विसर्जन बंद करना पड़ेगा। भू-विसर्जन की आदत डालनी पड़ेगी तभी नदी बचेगी। नदी सफाई के दौरान दादू केशरवानी, रिंकू द्विवेदी, नाविक मूलचंद्र समेत कई युवा मौजूद रहे।

## नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने चीन की यात्राएं बढ़ाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नौ मई के बाद दर्ज किसी भी मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक के अपने आदेश को 31 मई तक



बढ़ा दिया है। सरकार के वकील द्वारा इमरान खान के खिलाफ दर्ज मामलों के बारे में जानने के लिए समय की मांग के बाद इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने यह फैसला लिया। इस दौरान खान अदालत में ही मौजूद थे। उनकी पार्टी ने दावा किया है कि इमरान के खिलाफ देशभर में 100 से अधिक मामले दर्ज हैं। दें कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय शुक्रवार को ही इमरान को बड़ी राहत देते हुए अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उन्हें दो हफ्ते की जमानत दी थी और अब शीर्ष कोर्ट ने 15 मई तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने अदालत के परिसर से नौ मई को इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध और गैर कानूनी करार दिया था।

## हिंद महासागर में पलटी चीन की नाव, 39 लोग लापता, खोज अभियान जारी

**बीजिंग।** हिंद महासागर के मध्य भाग में एक चीनी नाव के पटल जाने से 39 लोग लापता हो गए। नाव में 17 चीनी चालक दल के सदस्यों के अलावा 17 इंडोनेशियाई और पांच फिलिमिनों भी शामिल थे। लापता हुए लोगों की तलाश फिलहाल जारी है, अभी तक



किसी के भी मिलने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तुरंत बचावकार्य शुरू करने के आदेश दिए। उन्होंने चीन के कृषि और ग्रामीण मंत्रालय, चीन के परिवहन मंत्रालय और शेडोंग प्रांत को इस मामले में तुरंत स्तिथि का सत्यापन करने के आदेश दिए। जिनपिंग ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव सहायता दलों की भी सहायता ली है। चीनी विदेश मंत्रालय और विदेशों में प्रसांगित दूतावासों को खोच और बचाव कार्य के लिए जागरूक किया गया है।

## यूक्रेन में रहकर रूस के लिए लड़ने वालों को मिलेगी नागरिकता, पुतिन ने जारी किया फरमान

**बैंकाक।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रह रहे विदेशी नागरिकों के लिए एक फरमान जारी किया है। इसके तहत यूक्रेन में रहने वाले विदेशी नागरिक जो रूस के लिए लड़ रहे हैं उन्हें रूसी नागरिकता देने का वादा किया है। पुतिन ने बताया कि उन्होंने रूसी नागरिकता प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए इस फरमान को जारी किया है। रूसी नागरिकता उन्हीं विदेशी नागरिकों को मिलेगी जो रूस की सैनिक के साथ



एक साल का अनुबंध करेगा। उनके अनुसार सेना में सेवा देने वाले सैनिकों के परिवार, निवास पर्मिट के बिना ही नागरिकता के लिए अप्लाई कर सकेंगे। यूक्रेन के खिलाफ जारी हमले में अपनी सैनिकों की संख्या बढ़ाने के लिए पुतिन ने कई फरमानों पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने इससे पहले रूसी राष्ट्रीय गार्ड के ऊपरी आयु सीमा को हटाने के लिए एक और हस्ताक्षर किए थे।

## टेक्सास में रहने वाली भारतवंशी महिला की रहस्यमयी हालात में मौत

**लापता होने के बाद दूसरे राज्य में मिला शव**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रह रही एक 25 वर्षीय भारतवंशी महिला टेक्सास से इसी महीने की शुरुआत में लापता हुई थी। लापता होने के एक दिन बाद ओक्लाहोमा राज्य में लगभग 322 किलोमीटर दूर उसका मृत शरीर पाया गया।

लहरी पथिवाड़ा को आखिरी बार मैक्किने उपनगर में अपनी काली टोयोटा चलाते हुए देखा गया था। टेक्सास की वाव समुदाय समूह ने महिला के लापता होने के संदेश को बढ़ाने में मदद की थी। महिला 12 मई को लापता हुई ती और एक दिन बाद ही उसका मृत शरीर पाया गया।

मैक्किने के एक स्थानीय व्यक्ति ने पथिवाड़ा को डलास उपनगर में एल डोराडो पार्कवे और हार्डिन बुलेवार्ड क्षेत्र के आसपास एक काले रंग की टोयोटा चलाते हुए देखा था। 12 मई को दफ्तर




से घर न लौटने पर उसके परिवार वाले चिंतित हो गए थे। ओक्लाहोमा में उसके परिवार और दोस्तों द्वारा उसके फोन को ट्रैक किए जाने के बाद पुलिस को कथित तौर पर सतर्क कर दिया गया था। पथिवाड़ा एक ओवरलैंड पार्क रिजनल मेडिकल सेंटर में काम करती थी। उसके फेसबुक अकाउंट के अनुसार वह उसने कैनसस विश्वविद्यालय से स्नातक किया और ब्लू वैली वेस्ट हाई स्कूल की छात्रा थी। पथिवाड़ा की अचानक हुई मौत ने उसके परिवार, दोस्तों और समाज को काफी ज्यादा प्रभावित किया है। फिलहाल इस मामले में जांच जारी है।

## फ्रांस में पेंशन सुधार नीति के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन, राष्ट्रपति की पत्नी के भतीजे पर हमला



**पेरिस।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पेंशन सुधार नीति लागू करने के विरोध में हिंसक प्रदर्शन और तेज हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति की पत्नी ब्रिजेट मैक्रों के भतीजे पर हमला कर आक्रोश जाहिर किया है। फ्रांस की सड़कों पर प्रदर्शनकारी पुलिस से भी भिड़ रहे हैं। आग लगा रहे हैं। राष्ट्रपति की पत्नी के भतीजे 30 वर्षीय ज्यां बैप्टिस्ट ट्रॉगने की उत्तरी फ्रांस के एमियन्स में चॉकलेट की दुकान है। उनके एक रिश्तेदार के मुताबिक ट्रॉगने दुकान से घर जा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला किया। उनके पिता ज्यां एलेक्जेंडर ट्रॉगने ने बताया कि इस दौरान हमलावरों ने राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और परिवार के खिलाफ अपशब्द भी कहे।

राष्ट्रपति की पत्नी ब्रिजेट ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि वे अपने परिवार के साथ हैं। इस घटना को अस्वीकार्य बताते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि वह पेंशन सुधार नीति के साथ डटे रहेंगे। पेंशन सुधार नीति में सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ाकर 64 वर्ष की गई है।

## ‘रूस से तेल खरीदकर यूरोप में निर्यात करना गलत’

### यूरोपीय संघ के नेता ने की भारत के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**औगाडोगू।** भारत पिछले एक साल से रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीद रहा है और डीजल, रिफाइंड ईंधन के तौर पर यूरोप को निर्यात कर रहा है। यूरोपियन संघ के विदेश और सुरक्षा नीति प्रमुख जोसफ बोरेल का मानना है कि संघ को रूस के तेल को डीजल और रिफाइंड ईंघन के रूप में यूरोप को बेचने के लिए भारत पर कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्हें पता था कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है और इसे ईंधन में संसाधित कर यूरोप में बिक्री कर रहा है। यूरोपीयन संघ को अब इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।



बोरेल ने कहा- ‘अगर रूसी तेल से निर्मित डीजल और गैसोलीन भारत के जरिए यूरोप आता है तो यह निश्चित रूप से प्रतिबंधों का उल्लंघन है। इसके लिए अब सदस्यों राज्यों को हल निकालना होगा।’

ब्रसेल्स में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक से पहले उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जयशंकर ने कहा- ÷परिषद के नियम के अनुसार मेरी समझ में यह है कि यदि रूस का कच्चा तेल किसी दूसरे देश में पर्याप्त रूस से परिवर्तित किया जाता है तो फिर उसे रूसी नहीं माना जा सकता है।’

भारतीय रिफाइनरों ने दिसंबर-अप्रैल के बीच यूरोप में करीबन 284,000 बैरल प्रति दिन (बीपीडी) पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया है। यह एक साल पहले से लगभग 170,000 बीपीडी अधिक है।

## नेपाल में अयोग्य माओवादी लड़ाकों को भुगतान पर सुप्रीम रोक

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने अयोग्य घोषित माओवादी लड़ाकों को पैसे देने पर रोक लगाने का आदेश दिया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया है कि योग्य घोषित लड़ाकों को पैसा देने की प्रक्रिया को तुरंत लागू न किया जाए। न्यायाधीश कुमार रेग्मी की खंडपीठ ने आदेश जारी कर याचिकाकर्ता और सरकारी पक्ष को 22 मई को सुनवाई के लिए बुलाया है। नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने मंत्रिपरिषद द्वारा अयोग्य माओवादी लड़ाकों को प्रति व्यक्ति 2 लाख की दर से पैसा देने का निर्णय लिया था। इसका विरोध हो रहा है।



2006 में नेपाल में दस साल लंबे माओवादी संघर्ष के समाप्त होने के बाद 19602 लड़ाकों का प्रबंधन शुरू हुआ। 2010 में, 4010 लड़ाकों को अयोग्य घोषित किया गया था। बाकी में से 1460 को 2013 में नेपाली सेना में शामिल किया गया था। उनमें से बाकी ने सरकार द्वारा बुलाए गए पुनर्स्थापन पैकेज को स्वीकार कर लिया। प्रधानमन्त्री प्रचंड ने अयोग्य सेनानियों को भुगतान देने के लिए बजट में डेढ़ अरब रुपये आवंटित करके प्रक्रिया को बढ़ाया। इस घटना के बाद पूर्व में भी प्रचंड के नेतृत्व वाले माओवादियों पर अयोग्य लड़ाकों के नाम पर 95 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप लगता रहा है।

## अमेरिका की वजह से ऑस्ट्रेलिया ने रद्द की क्वाड की बैठक, अगले हफ्ते हिस्सा लेने जाने वाले थे पीएम मोदी

**बर्लिन।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने बुधवार को एलान किया कि अगले हफ्ते होने वाली क्वाड की बैठक फिलहाल टाली जा रही है। बताया जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बैठक में शामिल न हो पाने की वजह से लिया गया है। बाइडन इस वक्त अमेरिका में कर्ज की वजह से पैदा हुए आर्थिक संकट के मुद्दे को सुलझाने में जुटे हैं। ऐसे में उन्होंने अगले हफ्ते के अपने विदेश दौरे टाल दिए।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में क्वाड की बैठक 24 मई को होनी थी। इसे लेकर पहले अल्बानीज ने कहा था कि क्वाड में शामिल देशों- भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया बिना अमेरिका की मौजूदगी के भी बैठक के लिए आ



सकते हैं। उन्होंने कहा था कि बाइडन की ओर से दौरा रद्द किए जाने के बाद उनकी सरकार जापान और भारत के प्रधानमंत्री से बात कर रही है। हालांकि, बाद में राष्ट्रपति अल्बानीज ने माफी मांगते हुए कहा था कि उन्हें क्वाड में शामिल साथियों के इस दौरे की तारीखों को आगे बढ़ाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों ने इस बैठक की तारीख बदलने और इसे जल्द से जल्द आयोजित करने पर सहमति जताई है।

हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने यह जरूर कहा कि पीएम मोदी के साथ अगले हफ्ते उनकी ऑस्ट्रेलिया में होने वाली द्विपक्षीय बैठक अभी भी हो सकती है। इसे लेकर भारत की ओर से भी जल्द ही निर्णय लिया जा सकता है।

**क्या है पीएम मोदी के विदेश दौरे का कार्यक्रम?**

जापान की अध्यक्षता में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी 19 से 21 मई तक जापान के हिरोशिमा जाएंगे। वह जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर जापान की यात्रा पर जा रहे हैं। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधान मंत्री जी-7 सत्रों को संबोधित करेंगे। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ कुछ अन्य नेता भी शामिल होंगे। इसके बाद पीएम मोदी की पपुआ न्यू गिनी जाने की योजना है। इस दौरे पर भी पहले बाइडन के पीएम मोदी के साथ रहने की संभावना थी। लेकिन अब बाइडन का दौरा रद्द होने के बाद मोदी अकेले ही पापुआ न्यू गिनी का दौरा कर सकते हैं। पापुआ न्यू गिनी की किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी।

## हिंसक हुए पेंशन सुधार के खिलाफ प्रदर्शन, उपद्रवियों ने राष्ट्रपति की पत्नी के परिवार पर किया हमला

**मास्को।** फ्रांस में पेंशन सुधार नीति के खिलाफ इमैनुएल मैक्रों की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन के बीच राष्ट्रपति मैक्रों की पत्नी ब्रिजेट मैक्रों के भजीते पर हमला किया गया। यह कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी उनके परिवार को निशाना बनाया जा



वर्षीय ज्यां बैप्टिस्ट ट्रॉगने उत्तरी फ्रांस के एमियन्स में पारिवारिक चॉकलेट की दुकान चलाते हैं। बता दें कि ब्रिजेट मैक्रों का परिवार लगातार छह पीढ़ियों से ही चॉकलेट का कारोबार कर रहे हैं। उनके रिश्तेदार ने बताया कि वह चॉकलेट की दुकान से अपने घर की तरफ जा रहा था तभी हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। उनके पिता ज्यां एलेक्जेंडर ट्रॉगने ने बताया कि भागने से पहले हमलावरों ने राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और परिवार वालों के खिलाफ अपशब्द भी कहेइस घटना को अस्वीकार्य बताते हुए इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह पेंशन सुधार नीति के साथ डटे रहेंगे, जिसमें रिटायर्मेंट आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने की मांग की गई है। फ्रांस के अन्य राजनेताओं ने भी इस घटना की निंदा की है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत में घुसे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी दोबारा गिरफ्तारी से बचने के लिए भागकर उच्च न्यायालय की इमारत में घुस गए।

पिछले सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनकी पार्टी के समर्थकों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव के तहत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चौधरी को हिरासत में लिया गया था और उन्होंने इस मामले में रिहा किए जाने के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में याचिका दायर की थीन्यायमूर्ति



मियांगुल हसन औरंगजेब की अदालत में सुनवाई के दौरान चौधरी ने हलफनामा दिया कि वह किसी भी हिंसक विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं लेंगे, इसके बाद अदालत ने उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। इससे उत्साहित चौधरी अदालत की ओर से लिखित आदेश जारी होने से पहले ही वहां से जाने लगे। इसके बाद जब वह अपनी कार में बैठकर घर जाने लगे तो उन्हें लगा कि पुलिस अधिकारी उनका पीछा कर रहे हैं।

वीडियो में चौधरी को वाहन से बाहर निकलकर अदालत भवन के प्रवेश द्वार की तरफ दौड़ते हुए देखा गया। जब एक वकील उनकी मदद के लिए आया तो उन्हें झुकते और हांफते देखा गया। इसी बीच कोई दूसरा व्यक्ति कहता है मरने वाले हैं।

## पाकिस्तान की अदालत ने इमरान खान की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद लाहौर उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह भ्रष्टाचार के एक मामले में उनके समर्थकों द्वारा किए प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के मामले में पंजाब प्रांत में अपने खिलाफ दर्ज सभी मामलों में जमानत के अनुरोध वाली खान की याचिका पर मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। खान (70) ने शनिवार को याचिका दायर की थी। एक दिन पहले उन्हें इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से जमानत पर रिहा किया गया था। सुनवाई की शुरूआत में अदालत ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान की गैर मौजूदगी को लेकर सवाल पूछा। इसके जवाब में खान के वकील ने कहा कि वह पूर्वाह्न 11 बजे अदालत में पेश होंगे।

पंजाब की अंतरिम सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि इसे मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए। वकील ने कहा, इमरान अदालत में पेश भी नहीं हुए हैं और वे गिरफ्तारी से बचने के लिए सुरक्षात्मक जमानत चाहते हैं। इस पर खान के वकील



ने दलील दी कि पीटीआई प्रमुख अग्रिम जमानत मांग रहे हैं न कि सुरक्षात्मक जमानत। खान के वकील ने मामला बड़ी पीठ को भेजने का अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है, मुझे राजनीतिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। मुझे गिरफ्तारी का अंदेशा है क्योंकि मेरे खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। पीटीआई प्रमुख ने इस मामले में पंजाब के महानिरीक्षक और महाधिवक्ता को प्रतिवादी बनाया है। खान शुक्रवार को जमानत मिलने के बावजूद गिरफ्तारी के डर से घंटों इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से बाहर नहीं निकले थे, हालांकि बाद में वह शनिवार को अपने लाहौर स्थित घर लौट आए। इस बीच, इस्लामाबाद ने हिंसा भड़काने और राजद्रोह से जुड़े दो मामलों में पीटीआई प्रमुख खान की जमानत आठ जून तक बढ़ा दी। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने नौ मई के बाद दर्ज सभी मामलों में 70 वर्षीय खान की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए उन्हें जमानत दे दी थी और उन्हें आगे की राहत के लिए 15 मई को लाहौर उच्च न्यायालय जाने को कहा था।